भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 61 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

03 सितंबर 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

27 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page-7

# नए आंबेडकर की दरकार... जो वंचित वर्ग को उनका हक दिला सके



प्रसंगवश

राजेश सिरोठिया

जिस तरह देश में मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्थान को लेकर कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने मार्च 2005 में रिटायर्ड जस्टिस राजेंद्र सच्चर की अध्यक्षता में हाई पॉवर कमेटी गठित की थी, उसी तर्ज पर एक हाईपॉवर कमेटी की दरकार है जो यह अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट दे कि अनुसूचित वर्गों को दिए जा रहे आरक्षण का फायदा बाबा साहब आंबेडकर की मंशा के मुताबिक आरक्षण के दायरे में आने वाले कितने लोगों को मिला ? यह समिति या आयोग पता लगाए कि कहीं ये पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर आरक्षित वर्ग के चंद परिवारों तक तो नहीं सिमट गया ? जिस परिवार में एक व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर पहुंच गया तो उसकी पीढ़ियों तक ही तो सीमित तो नहीं रह गया। ऐसे कितने लोग हैं जो अभी भी बाबा साहब के सपने को साकार होते कहने का इंतजार ही कर रहे हैं । या, जो आर्थिक और सामाजिक रूप से बराबरी पर आ गए या समानता के अधिकारों के पात्र हो गए, उनके चक्रव्यूह से निकालकर आरक्षण के वास्तविक अधिकार से वंचितों को उनका हक कैसे दिलाया जाए? क्या ओबीसी की तरह क्रीमीलेयर की सीमा तय नहीं की जा सकती ? ताकि अभी तक तक वंचित रहे दलित और आदिवासी वर्ग के लोगों को मौका दिला सके? सरकार कोई अध्ययन कराए या फिर कोई ऐसा नया नेता आगे आए जो बाबा साहब आम्बेडकर के सपनों को पंख लगाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था में सुधार का बीड़ा उठाए।

यदि सरकारें ओबीसी के तहत इन वर्गों के लिए भी क्रीमीलेयर की सीमा तय करने का साहस दिखाएं तो भी वंचित अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों का भला हो सकता है। वरना जो पहले सरकारी सुविधा का लाभ उठा गए, आरक्षण सिर्फ उनकी पीढ़ियों तक सिमटकर रह जाएगा और वंचित हमेशा ही वंचित रहकर बराबरी का हक पाने से वंचित रहेगा। या फिर इन वर्गों के बीच खुद ही गिव-अप रिजर्वेशन जैसी मुहिम शुरू हो ताकि वंचित वर्ग आगे आ सके । लेकिन, सवाल यह भी है कि आरक्षण की बैसाखी पर सवार होकर जो आरक्षित परिवार से जुड़े अफसर हैं, वह अजाक्स और अपाक्स जैसे संगठन बनाकर सुधार के कदमों की राह में रोड़ा तो नहीं बनेंगे?

अफसरों और कर्मचारियों के ये संगठन और राजनीतिक दल इसकी पहल शुरू होने पर आरक्षण की पात्रता रखने वालों को भड़काकर आगे कर देते हैं जो पहले भी इस सुविधा से वंचित थे। इसके चलते आरक्षित वर्ग की बड़ी आबादी इसका लाभ नहीं उठा सकी। ऐसे लोगों में शुमार परिवार अब भी हैं और आगे भी वंचित ही रह जाएंगे। क्या बाबा साहब के सपने को चकनाचूर करने वालों से लड़ने और वंचित दलित आदिवासियों को उनका हक दिलाने के लिए कोई नया नेता आगे आएगा ? अगर आए और वोट की राजनीति के फेर में बर्र के छत्ते में हाथ डालने से रोकने वाले सियासी दलों और अधिकारी, कर्मचारी संगठनों की असलियत को उजागर कर सके तभी कुछ होगा।

अभी सवाल यही है कि वोट की राजनीति और जमीनी समझ की कमी के चलते क्या कोई भी दल में ऐसा कर पाने का साहस कर पाएगा ? पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मकसद यानि समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों को आगे लाने का सपना भाजपा पूरा कर पाएगी? राहुल गांधी जातिगत जनगणना कराने का झंडा उठाए हुए हैं लेकिन क्या वे इस मंशा को पूरा कर पाएंगे? शायद नहीं । क्योंकि इसके पीछे उनका एजेंडा कुछ और है या वे इसे ठीक से समझा नहीं सके हैं। -समाप्त

### वंशवाद की राह चलता आरक्षण

देश की आजादी के बाद 78 साल बाद तो यह पता लगाना जरूरी है कि आरक्षण से लाभ कितनों को मिला या उनकी कितनी पीढ़ियों को मिला? कितनों को अभी तक बराबरी पर आने का मौका ही नहीं मिल सका ? संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के बतौर बाबा साहब आम्बेडकर ने इस तर्क के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण की वकालत की थी कि सामाजिक तौर पिछड़े वर्ग के लोगों को समानता के अधिकार के तहत समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए। इसके लिए उन्होंने दस साल का वक्त तय किया था। लेकिन लगातार बढ़ती आरक्षण की अवधि का लब्बोलुआब यही है कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग में आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के नाम पर आरक्षण वंशवाद की राह चल पड़ा है। जो बराबरी का दर्जा पा चुके हैं वही अपनी अगली पीढ़ी की भी आरक्षण की बैसाखी के सहारे नैया पार करा रहे हैं। या यों कहें कि जो इन वर्गों में संचित हो चुके हैं वह वंचित आरक्षित वर्गों का हक मार रहे हैं। ऐसे वास्तविक रूप से वंचित तबका शायद ही शायद ही समाज में बराबरी हासिल कर सके।

मुद्दा पिछड़ों को आरक्षण बढ़ाने का पार्ट- 3

## लगातार बारिश का अलर्ट... निचली बस्तियां खाली कराईं

# खतरे के निशान से ऊपर आई यमुना दिल्ली-एनसीआर पर बाढ़ का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश से यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। हालात यह हैं कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत पूरा एनसीआर जलमग्न नजर आ रहा है। बीते 24 घंटे से दिल्ली-एनसीआर भारी बारिश की चपेट में हैं। हालांकि अभी बारिश की रफ्तार पर ब्रेक लगा है, लेकिन मौसम विभाग ने आज के लिए भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 6 सितंबर तक दिल्ली-एनसीआर में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई गई है।

लगातार हो रही बारिश के कारण यमुना नदी उफान पर है और खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पिछले आठ साल में चौथी बार है जब यमुना ने खतरे का निशान पार किया है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को मयूर विहार फेज-1 के पास बने राहत शिविरों में शिफ्ट कर दिया गया है। गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की सड़कों पर जलभराव देखने को मिल रहा है।





### मानसून की हिमालय से मप्र की ओर वापसी

हिमालय और उसकी तराई में हुई भारी बारिश के चलते कश्मीर, पंजाब और दिल्ली के साथ ही पाकिस्तान में बाढ़ से भारी तबाही मचाने के बाद धमाधम बारिश की दावत देने वाले मानसून का रूख मध्यप्रदेश की तरफ होता जा रहा है। राजस्थान से लेकर गुना, जबलपुर होते हुए मानसून द्रोणिका (ट्रफ) छत्तीसगढ़ पार करते हुए बंगाल की खाड़ी की तरफ जा रही है। यह उत्तरी पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दवाब के क्षेत्र से पानी की भरपूर खेप लेकर आ रही है। कम जवाब का क्षेत्र वेल मार्क लो प्रेशर एरिया में तब्दील हो गया है या और सघन हो गया है। इससे एक चक्रवातीय हवाओं का घेरा भी जुड़ा है जिसका झुकाव दक्षिण की तरफ है। उत्तर पश्चिमी दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए यह सिस्टम आज मध्यप्रदेश में दाखिल हो सकते हैं। इससे दो दिनों तक भोपाल सहित पश्चिमी मप्र और 3 दिनों तक पूर्वी मप्र में जोरदार बारिश के आसार हैं।

### हिमाचल में रेल-सड़क सेवाएं बंद, स्कूलों में छुट्टी

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के चलते रेल सेवा स्थगित कर दी गई, 6 राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 1,311 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं और स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई। स्थानीय मौसम विभाग ने आज के लिए राज्य के कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है और अगले दिन भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

### अगले तीन दिन राजस्थान पर भारी

राजस्थान के अनेक स्थानों में आज भारी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम केंद्र-जयपुर के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मंगलवार को एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके आगामी 24 घंटों में आगे बढ़ने का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी भागों में तीन सितंबर से फिर से भारी बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है जबकि तीन, चार और पांच सितंबर को कोटा, उदयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग में भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश हो सकती है।

### उत्तराखंड : निचले इलाकों में खतरा बढ़ा, जल आयोग की कड़ी नजर

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण टोंस नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। मिनस मोटर मार्ग के पास से गुजरने वाली इस नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ट्यूणी से होते हुए टोंस नदी डाकपत्थर बैराज पर यमुना नदी में मिलती है। पहाड़ों से मैदानी इलाकों में प्रवेश करने पर यमुना और टोंस के संगम के बाद पानी का स्तर और अधिक बढ़ जाता है, जिससे निचले इलाकों में खतरा बढ़ रहा है। पहाड़ों पर बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते टोंस नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। मिनस मोटर मार्ग पर केंद्रीय जल आयोग की टीम नदी के बढ़ते जलस्तर पर कड़ी नजर रख रही है।

## आज का कार्टून




## आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं, राजनीतिक दलों को सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को फटकार लगाते हुए कहा कि आधार को नागरिकता प्रमाणपत्र मानने की कोशिशें स्वीकार्य नहीं हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को पहचान पत्र के तौर पर देखा जा सकता है,न कि नागरिकता के अधिकार के तौर पर। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि हम आधार की स्थिति को आधार अधिनियम से परे नहीं बढ़ा सकते हैं। बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए जाने के बाद राजद समेत कुछ दलों ने आधार को मतदाता पंजीकरण के लिए अंतिम प्रमाण बनाने की मांग की थी।

## मुख्यमंत्री ने बीयू में किया तीन नए भवनों का भूमिपूजन

# बड़े तालाब को डल झील की तरह विकसित कर शिकारे चलाएंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में नवीन छात्रावास, एग्रीकल्चर भवन और आईटी पार्क का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यहां अपने हुनर को उड़ान देंगे। युवा किताबी ज्ञान न लें, बल्कि अपने सपनों को हुनर में बदलें। उन्होंने कहा कि सरकार भोपाल के बड़े तालाब को कश्मीर की डल झील की तरह विकसित कर शिकारे चलाएंगे। प्रदेश को पहले ही दो बड़ी सौगातें मेट्रो और कोच फैक्ट्री की मिल चुकी हैं। हमारे छात्र नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने। युवा बड़े सपने देंखे और अपनी क्षमता का विकास करें, सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। सीएम ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से कहा कि वे छात्रों के लिए जो भी कोर्स शुरू करना चाहें, करें, सरकार पूरी मदद करेगी।



## जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से

# टेरर टैरिफ से निपटने के लिए बड़ी टैक्स राहत मिलने के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचीर से जीएसटी सुधारों की जो घोषणा की थी, उसको लेकर जीएसटी काउंसिल की आज बैठक हो रही है। इसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। खास तौर से ट्रम्प टैरिफ से दबाव महसूस कर रही कंपनियों इनसे रहत मिलने के आसार हैं। सभी खाद्य पदार्थों पर एक समान 5 फीसदी टैक्स लग सकता है। अभी इन पर अलग-अलग दरें लगती हैं। इसी तरह फ्रिज, टीवी और एयर कंडीशनर पर भी जीएसटी कम हो सकता है। इसी तरह शराब और लग्जरी सामान जैसे कुछ खास आइटम्स के लिए 40 फीसदी का स्लैब बनाया जा सकता है। टूथपेस्ट, शैंपू, टेलकम पाउडर और साबुन पर जीएसटी की दर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी की जा सकती है। साथ ही बटर, चीज और घी पर भी जीएसटी में कमी की जा सकती है। मीटिंग से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधारों से अर्थव्यवस्था बिल्कुल खुली और पारदर्शी हो जाएगी। इससे छोटी कंपनियों को बढ़ने में मदद मिलेगी। सरकार जीएसटी के स्लैब को कम करने की योजना बना रही है। साथ ही रजिस्ट्रेशन और फाइलिंग सिस्टम को भी आसान बनाया जा सकता है।

## आयकर छापा : मेडिकल कारोबारी के गुजरात-महाराष्ट्र से जुड़े तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मेडिकल कारोबारी राजेश गुप्ता के घर और दफ्तरों में दूसरे दिन भी आयकर विभाग की पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई जारी है। पिछले 24 घंटे से लगातार साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर आयकर विभाग की अलग-अलग टीमें भोपाल सहित देशभर के कई ठिकानों पर जांच कर रही हैं। इस दौरान गुजरात और महाराष्ट्र में भी छापेमारी की गई है। अब तक की जांच में करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। मेडिकल उपकरण सप्लाई कारोबार से हुई कमाई को परिवार ने कई कंपनियां बनाकर निवेश किया। छापेमारी के दौरान प्रॉपर्टी और बैंक लॉकर से जुड़े अहम दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। आयकर विभाग की टीम ने एक दिन पूर्व लालघाटी में कारोबारी राजेश गुप्ता के घर और तिलक नगर स्थित जीवन पैथ डायग्नोस्टिक सेंटर पर भी कार्रवाई की थी। यह वही कंपनी है, जिस पर पहले भी आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो कार्रवाई कर चुका है। जांच में पाया कि कंपनी स्वास्थ्य जांचों के शुल्क में 25 प्रतिशत अधिक वसूली कर रही थी।

## मेट्रो एंकर

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट, मोदी- पुतिन की केमेस्ट्री का असर !

# ट्रम्प दरकिनार, भारत के लिए और सस्ता हुआ रूसी तेल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एक ओर जहां डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए भारी टैरिफ लगा चूका है वहीं दूसरी ओर भारत के लिए रूसी कच्चा तेल और भी सस्ता हो गया है। अब इसकी कीमत 3-4 डॉलर प्रति बैरल काम हो गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, रूस का यूराल ग्रेड का तेल सितंबर और अक्टूबर में लोड होने वाले जहाजों के लिए और भी कम कीमत पर मिल रहा है। पिछले हफ्ते यह छूट 2.50 डॉलर थी। जबकि जुलाई में यह सिर्फ 1 डॉलर थी। दूसरी ओर, अमेरिका से भारत आने वाले तेल पर ब्रेंट क्रूड के मुकाबले 3 डॉलर ज्यादा लग रहे हैं। इस वजह से रूसी तेल खरीदना भारत के लिए ज्यादा फायदेमंद है। यह खबर ऐसे समय आई है, जब बीते दिनों शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली। कार के भीतर दोनों की 45 मिनट तक बात हुई। कोई नहीं जानता कि पूरी दुनिया से छुपकर दोनों नेताओं ने अंदर क्या बात की। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूसी तेल का बड़ा खरीदार बन गया है जिसकी राष्ट्रपति ट्रंप आलोचना कर रहे हैं। इन वजहों से भारत अब रूस के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। चीन के साथ भी भारत की दोस्ती बढ़ी है।

चीन में एससीओ के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के साथ भारत के संबंधों को 'विशेष' बताया। मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी मानने के बजाय सहयोगी के रूप में काम करने और सहयोग बढ़ाने की बात कही।



### फिनलैंड के राष्ट्रपति की चेतावनी भारत से दोस्ती नहीं तो हार जाएंगे



फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्स स्टब्ब ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर हमने भारत के साथ सम्मानजनक दोस्ती नहीं की तो हम हार जाएंगे। फिनलैंड के राष्ट्रपति का ये बयान उस वक्त आया है, जब चीन में शी जिनपिंग ने सैन्य परेड का आयोजन कर दुनिया के सामने विनाशक हथियारों का प्रदर्शन किया है। स्टब्ब ने कहा कि पश्चिमी दुनिया पुराने अवशेषों को बचाने की कोशिश में व्यस्त है, जबकि नई राजनीतिक और आर्थिक शक्तियां तेजी से उभर रही हैं। उनका यह बयान दिखाता है कि भारत के खिलाफ ट्रंप के टैरिफ से वो बिल्कुल खुश नहीं हैं।

### एमपी सरकार ने पैरालंपिक हीरो से किया वादा नहीं निभाया

# अर्जुन पुरस्कार लौटाएंगे कपिल परमार, फ्रांस में जीता था कांस्य पदक

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

पिछले साल फ्रांस पैरालंपिक्स में भारत का नाम रोशन करने वाले कपिल परमार ने अर्जुन पुरस्कार लौटाने का फैसला किया है। उनका कहना है कि राज्य सरकार ने उन्हें नौकरी नहीं दी। परमार पैरा-जूडो खिलाड़ी हैं। उन्होंने फ्रांस में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने जूडो में भारत के लिए पहला पैरालंपिक पदक जीतकर इतिहास रचा था। परमार के अलावा, देश की प्रमुख वाटर स्पोर्ट्स एथलीट, प्राची यादव ने भी सरकार पर नौकरी न देने का आरोप लगाया है। हालांकि, उन्होंने अभी तक अपना अर्जुन पुरस्कार लौटाने का फैसला नहीं किया है। दोनों खिलाड़ियों को 2024 में अर्जुन पुरस्कार मिला था।

### वादाखिलाफी का आरोप

कपिल परमार ने कहा कि राज्य सरकार ने उनसे नौकरी का वादा किया था। मध्य प्रदेश खेल विभाग का कहना है कि उनकी नौकरी का अनुरोध प्रक्रिया में है। उचित जांच के बाद नौकरी दी जाएगी। परमार का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहने के दौरान उन्हें सरकारी नौकरी और 1 करोड़ रुपये देने का वादा किया गया था।



### डीएसपी का पद किया गया था ऑफर

परमार का कहा है कि यह पूरा मामला दबा दिया गया है। मुझसे सरकारी नौकरी और 1 करोड़ रुपये देने का वादा किया गया था जब शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे। वादा डीएसपी पद का था। मुझे 50 लाख रुपये मिले, और नौकरी कभी नहीं आई। पिछले एक महीने से, मैं अधिकारियों से मिलने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन कोई मुझे फोन नहीं करता है। कोई मुझे सरकारी कार्यक्रमों में आमंत्रित नहीं करता है। वे केवल हमारे साथ तब तस्वीरें खिंचवाते हैं जब हम पदक जीतते हैं और हमारी जरूरत के समय हमें छोड़ देते हैं।

### बिजली के झटके से गई थी दृष्टि

सीहोर में जन्मे परमार ने 2009 में एक बिजली के झटके में अपनी दृष्टि खो दी थी। एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले उनके पिता टैक्सी ड्राइवर के रूप में काम करते थे जबकि उनके सबसे बड़े भाई होम गार्ड के रूप में तैनात थे। उनका दूसरा भाई परमार के प्रशिक्षण में मदद करता है। कपिल परमार ने 2024 पैरालंपिक्स में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने जूडो में भारत के लिए पहला पैरालंपिक पदक जीता था। उन्होंने 2019 कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, 2023 ग्रां प्री में स्वर्ण पदक, 2023 वर्ल्ड गेम्स में कांस्य पदक और 2022 एशियाई पैरा गेम्स में रजत पदक भी जीता था।

### दिव्यांग बच्चों का आवासीय विद्यालय अनदेखी का शिकार

# स्कूल-छात्रावास की दीवारों पर सीलन जगह-जगह टूट रही टाइल-खिड़कियां

### सात सालों से परिवहन व्यवस्था का इंतजार, कई बार भेजा गया प्रस्ताव फाइलों में ही उलझा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राजधानी के शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने स्थित शा. दृष्टि एवं श्रवण बाधित उमा विद्यालय एवं छात्रावास अधिकारियों की अनदेखी का शिकार हो रहा है। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस आवासीय विद्यालय में 213 विद्यार्थी पढ़ते हैं, जिसमें से करीब 75 विद्यार्थी यहां स्थिति छात्रावास में रहते हैं। जो अव्यवस्थाओं के बीच रहने के लिए मजबूर हैं। हालात यह हैं कि कई सालों से स्कूल की मरम्मत ही नहीं हुई है। नतीजन भवन में जगह-जगह सीलन हो रही है। टाइल और खिड़कियां टूट रही हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। आवासीय विद्यालय में लंबे समय से स्टाफ की कमी भी बनी हुई है। ऐसे में इन विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**परिवहन व्यवस्था कई सालों से बंद** : विभागीय जानकारों के अनुसार, इस विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पूर्व में परिवहन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन बीते 7 सालों से यह व्यवस्था बंद है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजे गए हैं, जिस पर स्वीकृति मिलना बाकी है। ऐसे में दूर से आने वाले विद्यार्थी परेशान हैं।





**एक परिसर में दो आवासीय स्कूल संचालित:** सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा शाहजहांनाबाद के परी बाजार के सामने तैयार स्पर्श भवन में दो स्कूल एवं इनके छात्रावास संचालित किए जाते हैं। इनमें भोपाल संभाग के जिलों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाते हैं। एक शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है और दूसरा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक-बालिकाओं का आवासीय विद्यालय है।

### भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल

इस आवासीय विद्यालय में भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, बीते दिनों भी छात्रावास के विद्यार्थियों को खराब चावल परोसे जाने का मामला सामने आया था। जिसके बाद कुछ बच्चों की तबीयत भी खराब हो गई थी। हालांकि विद्यालय व छात्रावास प्रबंधन ने इस बात को नकारते हुए बेहतर व्यवस्था की बात कही है।

### व्यवस्था में सुधार

स्कूल व छात्रावास में बेहतर व्यवस्था हैं। प्रबंधन को भी बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों को कोई परेशानी नहीं है।

– **आरबी सेमिल**, जेडी, भोपाल संभाग सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण

### मध्य प्रदेश के 37 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

# भोपाल, इंदौर और उज्जैन में झमाझम बारिश के आसार



**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

विभिन्न मौसम प्रणालियों के सक्रिय होने के कारण पूरे मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने का सिलसिला बना रह सकता है। वहीं, बुधवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना है।

मध्य प्रदेश के 37 जिलों भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, ग्वालियर, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, मुरैना, श्योपुर, भिंड, इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, उज्जैन, आगर मालवा, देवास, मंदसौर, नीमच, रतलाम, और शाजापुर में आज भारी बारिश हो सकती है।

मानसून द्रोणिका भी दतिया, सीधी से होकर गुजर रही है। उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश से लेकर कश्मीर तक एक द्रोणिका भी बनी हुई है। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सिवनी में 23, शिवपुरी में 20, भोपाल में 17, नर्मदापुरम में सात, पचमढ़ी में छह, खजुराहो में चार, सागर एवं सीधी में तीन, रीवा, रायसेन एवं दतिया में दो मिलीमीटर बारिश हुई।

### पूरे मध्य प्रदेश में हो रही बारिश

वहीं, दमोह में 65, दतिया में 37.9, श्योपुर में 35.6, रतलाम में 35, ग्वालियर में 32.4, गुना में 26.8, बैतूल में 21.6, सिवनी में 21.4, भोपाल में 13.4, मंडला में 11.2, रायसेन में 10.8 मिमी. बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञानी पीके रायकवार और मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के अलावा अरब सागर से भी नमी मिलने के कारण पूरे मध्य प्रदेश में बारिश हो रही है।

## विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचीं महापौर ने



**हिरदाराम नगर।** गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर निगम द्वारा विसर्जन घाट पर तैयारियों को लेकर महापौर मालती राय ने विसर्जन घाट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर ने कहा, विसर्जन के दौरान आस्था का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पूरे अनुशासन का पालन किया जाना चाहिए। एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ नगर निगम के आयुक्त हरेंद्र नारायण, अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान और नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह निरीक्षण गणेश विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया था।

## कथा के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया महामंडलेश्वर ने



**हिरदाराम नगर।** गुफा मंदिर के जगत गुरु महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 राम प्रवेश दास जी महाराज ने होने वाली नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर होने वाली कथा के आमंत्रण पत्र का किया विमोचन किया।

पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 13 से 19 सितंबर तक कथा व्यास अनिल रूद्र महाराज जी के सानिध्य में सप्त दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा पितरों की आत्मा शांति के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी गुफा मंदिर के आचार्य श्याम महाराज पंडित गोविंद राम गर्ग पंडित संतोष शुक्ला पंडित मुदित दुबे रोहित परमार रामजी ठाकुर अनिल बाथम राजकुमार विश्वकर्मा हरपाल विश्वकर्मा मौजूद रहे। महामंडलेश्वर साल श्रीपाल का स्वागत करके कथा में आमंत्रण करने का निवेदन किया।

## जीवन मूल्यों की नींव है शिक्षा- सिद्धभाऊ

### संत हिरदाराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस का आयोजन

**हिरदाराम नगर.** संत हिरदाराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. देव आनंद हिंडोलिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर सिद्ध भाऊजी ने कहा कि शिक्षा केवल उज्वल भविष्य का साधन नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की नींव है। उन्होंने चरित्र निर्माण, प्राणायाम, अच्छी संगति, समय के सदुपयोग और आत्म-अनुशासन की महत्ता पर विशेष बल दिया। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और द्रौपदी मुर्मू जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देकर ज्ञान और मूल्यों के महत्व को समझाया। प्रो. हिंडोलिया ने विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम और आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कुलपति ने शिक्षकों से भी अपील की कि वे नवाचार और अनुसंधान के इस युग में विद्यार्थियों में नैतिकता और देशभक्ति का संचार करें। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां राष्ट्र की मातृशक्ति हैं और उन्हीं पर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण का दायित्व है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने गुरु को सिर्फ ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्य और संस्कार देने वाला बताया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों में सही प्रश्न पूछने की प्रेरणा देने और उन्हें ईमानदारी, सहनशीलता की ओर उन्मुख करने का दायित्व याद दिलाया। इस अवसर पर संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अंकेश सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में शिक्षकों का सम्मान किया गया और छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रो. देव आनंद हिंडोलिया ने इन प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस समारोह में उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, वरिष्ठ सदस्य ए.सी. साधवानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी सहित सभी संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।






## स्टर्लिंग एंक्लेव फेस- 2 में गणेश उत्सव, बप्पा को लगा 56 भोग

**भोपाल।** इन दिनों गणेश उत्सव पर्व चल रहा है। गणेश भक्त धूमधाम से इस पर्व को मना रहे हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में गणपति बप्पा के भक्त भगवान गणेश जी की भक्ति में डूबे हुए हैं। गणेश जी के भक्तों ने स्टर्लिंग एंक्लेव फेस- 2 में सामूहिक रूप से मिलकर भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग लगाया। पंडित श्री अवधेश शुक्ल जी के मार्गदर्शन में गणेश चतुर्थी के दिन प्रारंभ से ही विधि विधान से रोज सुबह- शाम आरती पूजन किया गया। संध्याकालीन आरती के समय में सोसायटी की महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किए गए। गणेश पर्व के सातवें दिन भगवान श्री गणेश को 56 भोग अर्पित किया गया।

स्टर्लिंग फेस 2 में गणेश पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से आयोजित किया जाता है। गणेश पर्व के इस धार्मिक आयोजन में स्वप्निल समाधिया, आरपी शुक्ला, प्रवींद्र खरे सहित समस्त परिवारजनों और महिला मंडल की विशेष भूमिका से धार्मिक वातावरण में गणित उत्सव मनाया जा रहा है।



**मेट्रो एंकर**

### संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट में युवा एग्रीप्रेन्योर हर्षित का व्याख्यान

# छात्राओं को बताई एवोकाडो की खेती में सफलता की कहानी

**हिरदाराम नगर, दोहपर मेट्रो**

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (एस.एच.आई.एम.) के ई.डी. क्लब ने प्रेरक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें इंडो-इज़रायल एवोकाडो के संस्थापक हर्षित गोधा ने छात्राओं को एवोकाडो की खेती में अपनी सफलता की कहानी बताई। हर्षित गोधा, एक युवा एग्रीप्रेन्योर हैं, जिन्होंने ब्रिटेन से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भोपाल में एवोकाडो की खेती की नई शुरुआत की। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने इजरायली तकनीक का उपयोग करके इस व्यवसाय को सफल बनाया। गोधा ने इंडो-इजरायल सहयोग से खेती में आने वाली नई तकनीकों पर प्रकाश डाला और समझाया कि कैसे कोई भी स्टार्टअप, तकनीक, रचनात्मकता और दृढ़ संकल्प के साथ सफल हो सकता है। हर्षित गोधा ने छात्राओं को पारंपरिक सोच से हटकर सस्टेनेबल बिजनेस मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सिर्फ सपने देखना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें हकीकत में बदलने के लिए मेहनत और नवाचार की जरूरत है। यह इंटरैक्टिव सत्र छात्राओं के लिए काफी उपयोगी रहा, जिससे उन्हें स्टार्टअप जगत की चुनौतियों और अवसरों की व्यावहारिक जानकारी मिली। छात्राओं ने कहा कि इस व्याख्यान से उनकी उद्यमिता की सोच और मजबूत हुई है और वे आत्मविश्वास के साथ नए प्रयोग करने को प्रेरित हुई हैं। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हीरो ज्ञानचंदानी और डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने इस प्रयास की सराहना की।



### तबादले के बाद भी भोपाल का सरकारी आशियाना नहीं छोड़ा

# कई अफसरों को थमाया जाएगा नोटिस

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश सरकार ने राजधानी भोपाल में लंबे समय से सरकारी बंगलों पर कब्जा जमाए बैठे अधिकारियों पर सख्ती दिखाई है। दमोह, उमरिया और मंदसौर के कलेक्टर समेत कई अफसर तबादले के बाद भी भोपाल के मकानों में जमे हुए हैं। गृह विभाग ने साफ कर दिया है कि अब तुरंत बंगले खाली किए जाएं, वरना कार्रवाई होगी।

भोपाल में लंबे समय से बंगलों पर कब्जा जमाए बैठे तीन कलेक्टरों समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों पर सख्ती दिखाते हुए उनके सरकारी मकान खाली कराने के निर्देश दिए हैं। गृह विभाग ने सम्पदा विभाग को आदेश दिया है कि जिन अधिकारियों का तबादला महीनों पहले



हो चुका है और उन्हें संबंधित जिलों में आवास आवंटित भी कर दिए गए हैं, वे तुरंत भोपाल के बंगले खाली करें।

जानकारी के अनुसार, दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर, उमरिया कलेक्टर धरेंद्र कुमार जैन और मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग ने राजधानी भोपाल के सरकारी मकान अभी तक खाली नहीं किए हैं। यही नहीं, उज्जैन के अपर आयुक्त रत्नाकर झा, रायसेन की अपर कलेक्टर श्वेता पवार, राजगढ़ के सीईओ महीप तेजस्वी, ग्वालियर के डीआईजी अमित सांघी, ग्वालियर की अपर आयुक्त निधि सिंह, इंदौर के डीएसपी उमाकांत चौधरी और रीवा के सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर भी महीनों से स्थानांतरण के बाद भी भोपाल के सरकारी मकानों में जमे हुए हैं। गृह विभाग ने साफ कर दिया है कि अब किसी को भी मोहलत नहीं मिलेगी। जिन अधिकारियों ने समय रहते बंगले खाली नहीं किए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निशा बांगरे को भी मिला था नोटिस

बता दें 2023 विधानसभा चुनाव के पहले डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को भी सरकारी मकान खाली नहीं करने पर नोटिस भेजा गया था। बांगरे के चुनाव लड़ने की अटकलों के चलते यह मामला बहुत गरमाया था। उस समय नोटिस में उनके भोपाल से ट्रांसफर होने के बाद भी सरकारी आवास पर अवैध कब्जे के लिए कार्रवाई किए जाने की बात कही गई थी। हालांकि बांगरे ने निजी कारण से बंगला खाली नहीं कर पाने का कारण बताया था और नोटिस मिलने के कुछ दिन बाद बंगला खाली कर दिया था।

### राहुल तक बात पहुंचाने के लिए धरना

# सतना में बाहरी व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने से फूटा गुस्सा भोपाल पहुंचे पद के दावेदार

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के सतना जिले में कांग्रेस के जमीनी और पुश्तैनी कार्यकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। इनका कहना है कि जब मीटिंग हुई थी कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता को ही जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा तो इसमें परिवर्तन क्यों हुआ और बाहर से आए व्यक्ति को जिला अध्यक्ष का पद क्यों दिया गया। अपनी मांगों को लेकर यह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं।

दरअसल,सतना शहर के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ इकबाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद विरोध हो रहा है। इसी कड़ी में बड़ी संख्या में कांग्रेसी राजधानी भोपाल स्थित पीसीसी कार्यालय पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। आरोप है कि शहर में जिसे कोई नहीं जानता। उसे शहर जिलाध्यक्ष बना दिया गया है।

युवक कांग्रेस के लोकसभा अध्यक्ष मशहूद शेरु अहमद ने बताया कि ये जो शहर अध्यक्ष बने हैं इकबाल। इनका परिवार बिहार का रहने वाला है। हम लोग पुश्तैनी कांग्रेसी हैं। उनकी एक भी धरने प्रदर्शन की फोटो दिखा दी जाए। मैं 25 साल से कांग्रेस के लड़ाई लड़ रहा हूं। मेरे ऊपर 22-22 मुकदमे लगे हैं। मैं जेल भी गया हूं। मैंने लाठियां डंडे खाएं। राहुल जी ने कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाने को कहा था।



### बाहरी को हटाकर स्थानीय को बनाएं

मशहूद अहमद शेरू ने बताया कि मैंने बड़े कांग्रेसी नेताओं से मिलने की कोशिश की। पर मुझे कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए धरने पर बैठे हैं। मेरी मांग है कि किसी आम कांग्रेसी कार्यकर्ता को शहर जिलाध्यक्ष बनाया जाए। जिलाध्यक्ष की रेस में 18-18 उम्मीदवार हैं।

# त्यौहार अग्रिम बढ़ाने की मांग, कर्मचारियों ने की 10 हजार रुपए करने की अपील

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने त्योहार अग्रिम बढ़ाने की मांग उठाई है। प्रदेश के तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा कि प्रदेश के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पिछले 16 साल से सिर्फ 4000 रुपये त्योहार अग्रिम दिया जा रहा है। संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार अपने कर्मचारियों को 2022 से 10 हजार रुपये त्यौहार अग्रिम दे रही है, जबकि मध्य प्रदेश में यह राशि 2009 से अब तक नहीं बढ़ाई गई है। इससे पहले 1998 में 600 रुपये, 2003 में 1000 रुपये और 2009 में 4000 रुपये किए गए थे।

त्यौहार अग्रिम गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, होली, रक्षाबंधन, दशहरा, दीपावली, क्रिसमस, ईद-उल-जुहा और ईद-उल-फितर जैसे अवसरों पर दिया जाता है। तिवारी ने कहा कि महंगाई के कारण त्योहारों पर खर्च बढ़ गया है, इसलिए अग्रिम राशि को 10 हजार रुपये किया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अग्रिम की राशि सरकार पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी, क्योंकि कर्मचारी इसे ब्याज सहित किस्तों में वापस कर देते हैं।

### नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

**भोपाल** । खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में नागरिक आपूर्ति निगम और भण्डार गृह निगम के संचालक मण्डल की बैठक में कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। अब नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को भी चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलेगा। साथ ही गृह भाड़ा भत्ते भी राज्य शासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार दिये जायेंगे। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कर्मचारियों को भी विभाग के हित में बेहतर से बेहतर कार्य कर अपनी उपयोगिता सिद्ध करनी होगी।

### शहरी क्षेत्र की सड़कों के बदलेंगे दिन

## मंत्री विजयवर्गीय ने जिम्मेदारों को दिए सख्त निर्देश, गुणवत्ता को लेकर भी दी हिदायत

**भोपाल** । नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा है कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर सड़क मरम्मत से जुड़े कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में सड़क पर बोर्ड के माध्यम से निर्माण एजेंसी और निविदा शर्तों के बारे में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को उससे जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाये। विजयवर्गीय ने कहा कि शहरी क्षेत्रों पर लगातार आबादी का दबाव बढ़ रहा है। इसका असर शहरी क्षेत्र की इन्फ्रस्ट्रक्चर पर पड़ रहा है। उन्होंने इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में वर्तमान में 2 करोड़ 50 लाख से ज्यादा परिवार शहरी परिधि में निवास कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 35 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहे हैं।


वस्त्र मंत्रालय MINISTRY OF TEXTILES

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

भारत का सबसे बड़ा

'पीएम मित्र' पार्क धार, मध्यप्रदेश

माननीय प्रधानमंत्री जी का 5एफ विज़न

फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन

कम्पलीट वैल्यू चैन @ वन डेस्टिनेशन

निवेश संभावनाओं पर

इंटरैक्टिव सेशन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गिरिराज सिंह
केन्द्रीय मंत्री, कपड़ा मंत्रालय

3 सितम्बर 2025 | अपराह्न 2:30 बजे | होटल आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली

निवेश के लाभ
- 2,158 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि
- आकर्षक प्रोत्साहन नीतियां
- डेवलपमेंट चार्ज @ ₹120/वर्ग फुट
- लैंड प्रीमियम @ ₹1/वर्ग मी.
- पावर @ ₹4.5/यूनिट
- वॉटर @ ₹25/किलोलीटर

भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित
अंतिम तिथि :
11 सितम्बर 2025 (शाम 6:00 बजे)
वेबसाइट पर विजिट कर आवेदन करें :
invest.mp.gov.in

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

D-11093/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

स्वदेशी अभियान - विकास की नई पहचान

# कांग्रेस का भविष्य

बिहार की राजनीति हमेशा से जातीय समीकरणों पर आधारित रही है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही 'वोटर अधिकार यात्रा' पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इससे पार्टी को कोई ठोस राजनीतिक लाभ मिलेगा? क्या यह यात्रा कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटें दिला पाएगी और क्या राहुल गांधी की सभाओं में जुटी भीड़ वास्तविक वोट में तब्दील हो पाएगी? वास्तविकता यह है कि बिहार में कांग्रेस का कोई ठोस जातीय आधार नहीं है। यादव मतदाता आज भी राजद के साथ मजबूती से खड़े हैं। अतिपिछड़ों का बड़ा हिस्सा जदयू की ओर झुका हुआ है। सवर्ण वर्ग भाजपा का परंपरागत वोट बैंक है। मुस्लिम और दलित वोटरों में भी कांग्रेस के लिए कोई खास जगह नहीं बची है। कांग्रेस के हिस्से में केवल इक्का-दुक्का वोट आते हैं, जिनकी मदद से पार्टी स्वतंत्र रूप से कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाई। सन 2000 के विधानसभा चुनाव इसका स्पष्ट उदाहरण है, जब कांग्रेस को 324 सीटों में से केवल 23 सीटें मिली थीं। अगर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़े, तो सोनिया गांधी या राहुल गांधी जैसे बड़े नाम भी उसके लिए वोट बटोरने में नाकाम रहते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस बिहार में हमेशा गठबंधन की बैसाखियों पर निर्भर रही है- कभी राजद तो कभी जदयू के सहारे। लालू यादव और कांग्रेस के रिश्ते भी हमेशा मधुर नहीं रहे। 2009 का लोकसभा चुनाव इसका बड़ा उदाहरण है। उस समय कांग्रेस को उम्मीद थी कि लालू यादव सीट बंटवारे में उसे सम्मानजनक हिस्सेदारी देंगे। लेकिन हुआ उलटा-लालू ने केवल तीन सीटें दीं और सार्वजनिक तौर पर कांग्रेस की ताकत पर सवाल खड़े कर दिए। लालू का तर्क था कि कांग्रेस की हैसियत तीन-चार सीटों से ज्यादा की नहीं है, और चुनाव परिणामों ने इसे सही भी साबित कर दिया। कांग्रेस ने 37 सीटों पर चुनाव लड़ा और जीत केवल 2 पर मिली। कांग्रेस-राजद टकराव का एक और उदाहरण 2021 के उपचुनावों में देखने को मिला, जब कुशेश्वर स्थान सीट पर दोनों दल आमने-सामने आ गए। कांग्रेस का दावा था कि यह उसकी परंपरागत सीट है, जबकि राजद ने अपना उम्मीदवार पहले ही उतार दिया। इस विवाद में कांग्रेस ने राजद पर भाजपा से सांठगांठ का आरोप तक लगा दिया। जवाब में लालू यादव ने कांग्रेस नेता भक्तचरण दास को अपमानजनक शब्द कहकर विवाद और बढ़ा दिया। इन घटनाओं से साफ है कि बिहार में कांग्रेस की जमीन बेहद कमजोर है। 'वोटर अधिकार यात्रा' जरूर पार्टी के लिए एक नैरेटिव बनाने की कोशिश हो सकती है, लेकिन जातीय राजनीति के दबाव में यह कितना कारगर होगा, कहना मुश्किल है।

## सुविचार

प्रेम तब खुश होता है, जब वो कुछ दे पाता है। अहंकार तब खुश होता है, जब वो कुछ ले पाता है।
– ओशो

## निशाना

### सेंकते हम रोटी !



– कृष्णेन्द्र राय

छोटी छोटी घटना पर ।
सेंकते हम रोटी ।।
करनी राजनीति है ।
बात नहीं ये छोटी ।।
कोशिश लगातार है ।
टूट न जाए क्रम ।।
रहना हमको ज़िंदा ।
ना इसमें हो भ्रम ।।
होंगे लाख जलील पर ।
ना लाना बदलाव ।।
जनता ने ठुकरा कर ।
दिया बराबर घाव ।।
मुद्दों की हम खोज में ।
है लाना हर हाल ।।
भले लाख हम पर ।
उठते हों सवाल ।।

## आज का इतिहास

- 1189 रिचर्ड द लायनहार्ट को इंग्लैंड के किंग इन वेस्टमिंस्टर का ताज पहनाया गया।
- 1651 ओलिवर क्रॉमवेल के तहत अंग्रेजी सांसद बलों ने तीसरे अंग्रेजी नागरिक युद्ध की अंतिम लड़ाई वॉर्सेस्टर की लड़ाई जीत ली।
- 1651 ओलिवर क्रॉमवेल के तहत अंग्रेजी सांसद बलों ने वॉर्सेस्टर की बीटल, तीसरे अंग्रेजी नागरिक युद्ध की अंतिम लड़ाई जीती।
- 1709 स्विस के पहला मेजर समूह जर्मन उपनिवेशों तक पहुंचा।
- 1731 विलियम केएच फ्रिसो को फ्रिसलैंड का वायसराय बनाया गया।
- 1783 अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
- 1783 ग्रेट ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किए, औपचारिक रूप से अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध को समाप्त किया।
- 1791 फ्रांस की संसद ने देश का संविधान पारित किया।
- 1812 इंग्लैंड के लंदन शहर में डब्बों में खाना भरने वाला संसार का पहला कारखाना खुला।
- 1833 बेंजामिन एच.डे. ने अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र न्यूयॉर्क सन का प्रकाशन शुरू किया।
- 1838 भविष्य के अमेरिकी उन्मूलनवादी फेडरिक डगलस दासता से बच गए।
- 1901 ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय ध्वज, कॉमनवेल्थ स्टार और दक्षिणी क्रॉस के साथ एक ब्लू एनस्टाइन ने मेलबोर्न में रॉयल प्रदर्शनी भवन के ऊपर पहली बार उड़ान भरी।
- 1901 ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय ध्वज, एक ब्लू एनसाइन, जो कॉमनवेल्थ स्टार और दक्षिणी क्रॉस के साथ है, ने मेलबोर्न में पहली बार रॉयल प्रदर्शनी
- 1914 अल्बानिया राजकुमार विलियम को अपने शासन में हो रहे विरोध के कारण छह महीने बाद देश छोड़ना पड़ा।

# जैव विविधता से जैव-प्रौद्योगिकी तक सामने आती जा रही विकसित भारत की नई पहचान

■ डॉ. निवेदिता शर्मा

भारत अब केवल अपनी जैव विविधता की धरोहर पर गर्व करने वाला देश नहीं रह गया है, उसने उस धरोहर को विज्ञान, नवाचार और आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदलना शुरू कर दिया है। देश में जैव प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था का नया इंजन बन रही है । पर्यावरणीय संतुलन, रोजगार सृजन और सामरिक स्वतंत्रता का भी प्रमुख आधार बनती जा रही है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायोई3 नीति के अंतर्गत उच्च-निष्पादन वाले जैव-विनिर्माण प्लेटफार्मों का शुभारंभ किया। एक नजरिए से देखें तो यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि भारत 21वीं सदी में केवल सूचना प्रौद्योगिकी या अंतरिक्ष विज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, यह जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी महाशक्ति बनने का इरादा रखता है।

समीक्षात्मक रूप से देखें तो दुनिया के कई देशों के बीच भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी जैव विविधता है। यह विश्व के 17 मेगाडायवर्स देशों में शामिल है। यहां लगभग पैंतालीस हजार से अधिक पौधों की प्रजातियाँ और नब्बे हजार से अधिक पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं। हिमालय की जड़ी-बूटियों से लेकर अंडमान-निकोबार के समुद्री संसाधनों तक, यह जैव संपदा बायोटेक्नोलॉजी के लिए अमूल्य स्रोत है। यही कारण है कि कृषि, औषधि, खाद्य प्रसंस्करण और समुद्री अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। परंपरागत आयुर्वेद और औषधीय पौधों का ज्ञान आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर वैश्विक स्वास्थ्य समाधान प्रस्तुत कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पिछले एक दशक में असाधारण रही है। 2014 में देश की जैव-अर्थव्यवस्था लगभग दस अरब डॉलर के आसपास थी। 2023 तक यह बढ़कर डेढ़ सौ अरब डॉलर तक पहुंच गई और मार्च 2025 तक इसका आकार लगभग एक सौ पैंसठ अरब डॉलर हो गया। यह अब भारत की जीडीपी में चार प्रतिशत से अधिक का योगदान करती है और पिछले चार वर्षों में औसतन अठारह प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक इसे तीन सौ अरब डॉलर तक ले जाया जाए। यह लक्ष्य अब अवास्तविक नहीं लगता क्योंकि बायोटेक स्टार्टअप्स की संख्या ही गवाही दे रही है। जहां 2014 में इनकी संख्या मात्र पचास थी, वहीं 2024 तक यह बढ़कर दस हजार से अधिक और 2025 में ग्यारह हजार तक पहुँच गई। इन स्टार्टअप्स को देश भर में सौ से अधिक इनक्यूबेटर और बीआईआरएसी जैसी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त है।

इस सब के सार्थक परिणाम यह है कि भारत अब वैश्विक मानचित्र पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। विश्व की 121 प्रमुख जैव कंपनियों में से 21 भारत में स्थित हैं। यह उपलब्धि उस देश के लिए विशेष महत्व रखती है जिसे कभी तकनीकी अनुसरणकर्ता माना जाता था। हैदराबाद का नाम दुनिया के सात सबसे बड़े लाइफ-साइंसेज क्लस्टर्स में शामिल हो चुका है जहां पचपन हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है और दो लाख से अधिक नए रोजगार बने हैं। कर्नाटक राज्य ने अकेले ही तीस अरब डॉलर का बायो-आर्थिक योगदान दिया है और निकट भविष्य में तीस हज़ार अतिरिक्त रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। असम पहला राज्य है जिसने बायोई3 पहल को पूरी तरह से अपनाया है और पूर्वोत्तर को जैव प्रौद्योगिकी का नया केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

यहां समझलीजिए कि बायोई3 नीति का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है, यह सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्मार्ट प्रोटीन, टिकाऊ कृषि, कार्बन कैप्चर, समुद्री जैव प्रौद्योगिकी और कोशिका एवं जीन थेरेपी जैसे क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे बल्कि भारत को आयात पर निर्भरता से भी मुक्त करेंगे। पेट्रोलियम आयात को घटाने के लिए ईथेनॉल मिश्रण का प्रयास इसका उदाहरण है। 2014 में पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण मात्र डेढ़ प्रतिशत था जो 2024 में पंद्रह प्रतिशत तक पहुँच गया। इसके कारण लगभग सत्रह मिलियन टन कच्चे तेल के आयात से बचाव हुआ और करीब एक लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। इस साल के अंत के बाद जो आंकड़े आएंगे, उम्मीद है कि यह पंद्रह प्रतिशत से बढ़कर ही आएंगे। जैव प्रौद्योगिकी का महत्व कोविड-19 महामारी के दौरान और भी स्पष्ट हो गया जब भारत ने रिकॉर्ड समय में वैक्सीन विकसित कर पूरी दुनिया को आपूर्ति की। जिन देशों ने समय पर वैक्सीन प्राप्त की, उनमें भारत की भूमिका निर्णायक रही। इससे यह स्पष्ट हो गया कि जैव प्रौद्योगिकी आज विज्ञान से आगे भू-राजनीतिक शक्ति का भी स्रोत बन चुका है। फिर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। अभी भी वेक्टर और प्लास्मिड जैसे आवश्यक बायोलॉजिकल इनपुट्स का उत्पादन देश में सीमित है। प्रोबायोटिक्स जैसे क्षेत्रों में नियामकीय बाधाएं उद्यमियों को परेशान करती हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए निजी निवेश और विदेशी सहयोग को और बढ़ाना होगा। कॉन्ट्रैक्ट ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत के सामने बड़ा अवसर है परंतु चीन जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा के लिए लागत और नीति में लचीलापन आवश्यक होगा।

शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को गहरा करना भी अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उसे तभी सार्थक बनाया जा सकता है जब वह उद्योग और समाज तक पहुँचे। स्टार्टअप्स को केवल शुरुआती समर्थन ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, वैश्विक साझेदारियाँ और मजबूत नैदानिक मान्यता भी चाहिए। सरकार का कार्य बीज बोना है परंतु उद्योग जगत को उसे फलने-फूलने योग्य बनाना होगा।

वर्तमान में भारत की जैव विविधता, उसकी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली और आधुनिक वैज्ञानिक क्षमता मिलकर एक ऐसा परिदृश्य रच रहे हैं जिसमें भारत आत्मनिर्भर होगा ही साथ ही वह वैश्विक नेता भी बनेगा। अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों के लिए भारत टिकाऊ कृषि, सस्ती दवाएं और पर्यावरणीय समाधान उपलब्ध कराएगा। इससे भारत की छवि केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का अग्रणी देश भी बनेगा।



यदि हम अपनी विविधता को जिम्मेदारी से प्रौद्योगिकी और नवाचार में बदल सकें, तो जैव प्रौद्योगिकी वास्तव में आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला बन सकती है। जैसे 1990 के दशक में सूचना प्रौद्योगिकी ने भारत की वैश्विक छवि को बदला था, वैसे ही आज जैव प्रौद्योगिकी उसी परिवर्तन का नया साधन बनने जा रही है। आने वाले वर्षों में बीटी यानी बायोटेक्नोलॉजी वह शब्द होगा जो भारत की विकासगाथा को परिभाषित करेगा। यह केवल अर्थव्यवस्था को नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और कूटनीति सभी को प्रभावित करेगा। इन सभी तथ्यों के प्रकाश में आप कह सकते हैं कि स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते भारत के लिए यही वह क्षेत्र है जो विकसित भारत के सपने को साकार करने की शक्ति रखता है।

**(लेखिका बाल आयोग मप्र की सदस्य हैं, महिला, पर्यावरण, कानून विषयों पर भी कार्य करती हैं)**

# अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से कम हो सकता है पुरुषों का स्पर्म काउंट

■ मोनिका अग्रवाल

## नई स्टडी ने किए कई चौंकाने वाले खुलासे

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। ऐसे में एक नई स्टडी से इस बात का खुलासा हुआ है कि इससे पुरुषों का स्पर्म काउंट कम होता है और उनकी सेक्शुअल हेल्थ में गड़बड़ी हो सकती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। यह जल्दी बनकर तैयार हो जाते हैं और खाने में भी काफी टेस्टी होते हैं लेकिन इन्हें खाने से सिर्फ स्वाद ही मिलता है क्योंकि यह कई बीमारियों को न्योता देते हैं। हाल ही में हुई एक स्टडी से यह बात सामने आई है कि अल्ट्रा प्रेस्ड फूड के नुकसान प्रोसेस्ड फूड से भी ज्यादा होते हैं। इतना ही नहीं इसका असर पुरुषों की सेक्शुअल हेल्थ पर भी पड़ता है।

IVF एलांटिस हेल्थकेयर दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर और इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर मनन गुप्ता के अनुसार के मुताबिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की थोड़ी सी भी मात्रा पुरुषों के स्पर्म क्वालिटी को खराब कर सकती है। इसके अलावा इससे हार्मोनल गड़बड़ी और मोटापा जैसी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। इस स्टडी में बताया गया है कि खान पान का असर यौन सेहत पर भी पड़ता है। ऐसे में अगर आप अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं तो यह आपकी सेक्शुअल हेल्थ बिगाड़ सकता है साथ ही इसके और भी कई नेगेटिव इफेक्ट्स होते हैं। इससे पुरुषों की फर्टिलिटी और मेटाबॉलिक हेल्थ में गड़बड़ी पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ता है।

**इतने लोगों पर हुई स्टडी :** स्टडी में कुल 43 सेहतमंद पुरुषों को शामिल किया गया था। इन सभी की उम्र 20 से 35 साल के बीच थी। इन पर किए गए सर्वे यह पता चला कि जिन पुरुषों ने अपनी उम्र वजन, हाइट और एक्टिविटी लेवल के अनुसार अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन किया उनका वजन और बॉडी फैट उन लोगों की तुलना में अधिक पाया गया जिन्होंने सिर्फ हेल्दी फूड का सेवन किया था। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से इन पुरुषों का मेटाबॉलिक रेट भी प्रभावित हुआ था।





**सेक्शुअल हेल्थ पर पड़ता है असर:** शोधकर्ताओं ने पुरुषों को कुल दो ग्रुप में बांट दिया जिसमें आधे लोगों को तीन हफ्ते तक ज्यादा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और तीन हफ्ते तक अनप्रोसेस्ड फूड दिया गया। वहीं दूसरे ग्रुप को जरूरत से ज्यादा हाई कैलोरी फूड खाने को दिया गया था। इन पुरुषों ने 500 कैलोरी से अधिक वाली चीजों का सेवन किया था। और इसके नतीजे काफी चौंकाने वाले थे। दअरसल जिन लोगों ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड ज्यादा खाया था उनकी फर्टिलिटी प्रभावित हुई थी। ऐसे पुरुषों के स्पर्म काउंट में कमी आई थी।

**सेक्स हार्मोंस में गड़बड़ी:** शोधकर्ताओं ने पाया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से पुरुषों की स्पर्म मोटिलिटी भी कम हो गई थी। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले पुरुषों में एक ऐसे केमिकल की मात्रा अधिक पाई जो आमतौर पर प्लास्टिक में इस्तेमाल की जाती है। इससे c&MNIP कहा जाता है। ऐसे में यह हारमोंस में गड़बड़ी का कारण बनता है।

**ओवरईटिंग की समस्या:** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन करने से ओवरईटिंग की भी समस्या हो सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार प्रोसैस्ड फूड की तुलना में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से लोगों का वजन अधिक बढ़ता है। भले ही पुरुषों ने उतनी ही कैलोरी खाई हो। स्टडी में पाया गया कि प्रोसेस्ड फूड की तुलना में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से पुरुषों का दो पाउंड से अधिक फैट बढ़ गया था।

**इन बीमारियों का भी रिस्क:** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड



खाने से मोटापा और सेक्शुअल हेल्थ में गड़बड़ी होने के अलावा और भी कई गंभीर बीमारियां हो सकती है। कई अध्ययनों से इस बात का खुलासा हुआ है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से लंग कैंसर और अचानक मृत्यु का जोखिम बढ़ता है। इसके अलावा इससे हार्ट डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज, अनिद्रा, डिप्रेशन आदि जैसी कई समस्याएं होती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में सोडियम, शुगर, ट्रांस फैट और हानिकारक केमिकल्स की मात्रा अधिक होती है जो बॉडी में इन्फ्लेमेशन पैदा करते हैं और पोषक तत्वों को कम करने का काम करते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि जिन चीजों को खाने से बचना चाहिए उनमें कुकीज, चिप्स, इंस्टेंट नूडल्स, फ्राइज, रेडी टू ईट स्नैक्स, रेडी टू ईट पिज्जा, कैंडी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, आइसक्रीम, केक शामिल हैं।

**साभार:** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# तवा डेम के पांच गेट खोले, नदी के आसपास के गावों में अलर्ट

## 43,010 क्यूसेक अतिरिक्त पानी तवा नदी में छोड़ा



**इटारसी, दोहपर मेट्रो**

जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण तवा डैम का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। सुबह 6.30 बजे, तवा परियोजना संभाग ने बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए डैम के 5 गेट 6-6 फीट तक खोल दिए हैं। इससे 43,010 क्यूसेक अतिरिक्त पानी तवा नदी में छोड़ा जा रहा है।

कार्यपालन यंत्री द्वारा जारी सूचना के अनुसार, डैम का वर्तमान जलस्तर 1164.80 फीट हो गया है। मौसम विभाग की आगामी 24 घंटे की भारी बारिश की चेतावनी और जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरंतर वर्षा के कारण यह निर्णय लिया गया है। नदी किनारे रहने वालों को चेतावनी- तवा और नर्मदा नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी के करीब न जाने और सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। यह कदम किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए उठाया गया है।

### जिले में बारिश का हाल

पिछले 24 घंटों में जिले की कई तहसीलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा वर्षा तहसील डोलरिया में 84.3 मिमी दर्ज हुई, जबकि बनखेड़ी में कुल वर्षा का आंकड़ा 1386.6 मिमी तक पहुँच गया है, जो इस सीजन की सबसे अधिक वर्षा है।

---

विसर्जन स्थल पहुंचे विधायक ने दिए व्यवस्थाएं सुधारने के सख्त निर्देश

# गणेश विसर्जन के लिए की तैयारियां नाकाफी

## विधायक बोले - लोगों की सुरक्षा सबसे पहले

**सिरोंज, दोहपर मेट्रो**



गणेशोत्सव विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेने विधायक उमाकांत शर्मा ने विसर्जन स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही प्रकाश व्यवस्था, सफाई, बैरिकेडिंग, सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के साथ गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर की जाने वाली समुचित व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए।

लटेरी रोड स्थित केथन डेम के आखिरी छोर पर प्रतिवर्ष बनाए जाने वाले विसर्जन स्थल पहुंचे विधायक शर्मा ने अभी तक प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों को नकाफी बताते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक वर्षा के कारण तालाब का जलस्तर ऊंचा है। ऐसे में मूर्ति विसर्जन करने आने वालों श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तालाब किनारे मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए और फिसलन रोकने के लिए अस्थाई रूप से विशेष इंतज़ाम किए जाएं।

**जनपुरी मंदिर स्थल का किया भ्रमण:** इसके उपरांत वह पैदल ही पंचकुईया पहुंचे। यहां जल झूलनी एकादशी पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों के डोल विमानों का केथन नदी के तट पर आगमन होकर पूजा अर्चना भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जिसमें शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों नागरिकों का एकत्रीकरण होता है। उन्होंने यहां नगरपालिका द्वारा की जा रही विद्युत साज सज्जा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अपने सुझाव भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने मदनमोहन सरकार के विमान के रात्रि विश्राम होने वाले स्थल ग़नपुरी मंदिर स्थल का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश यादव, हरिबाबू भार्गव, राजेंद्र गर्ग, पदम ताम्रकार,मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह, पार्षद सचिन शर्मा, हरिचरण अहिरवार, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सोनू डाबर, सीएमओ रामप्रकाश साहू, तहसीलदार संजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गली-गली में झूल रही बिजली केवल, दुरुस्त करें

यहां से वे सीधे डोल ग्यारस पर नगर में निकलने वाले विमानों के मार्ग का अवलोकन करने के लिए सीधे रामलला मंदिर पहुंचे। यहां नगर के सबसे प्राचीन मंदिर से चांदी के विमान में सवार होकर केथन नदी तक जाने वाले श्रीरामलला सरकार सहित सभी विमानों के मुख्य बाजार में निकलने के दौरान आने वाली अड़चनों से प्रशासन को आईना दिखाते हुए कहा कि पूरी बिजली के केवल सड़क पर झूल रही है। टीनशैड अधिक निकले हुए हैं। इससे विमानों के आवागमन में परेशानी जाएगी। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इनकी दुरुस्ती करने की बात कही।

---

# गैर हाजिर रहने वाले हेडमास्टर सहित चार शिक्षक निलंबित

**सागर, दोहपर मेट्रो**

सरकारी स्कूल से गैरहाजिर मिले एक प्रधानाध्यापक सहित 4 शिक्षकों को निलंबित किया गया है। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिले में विद्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी परिपेक्ष्य में शास.प्रा.शाला रामपुर वि.ख. बीना का निरीक्षण किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए प्राथमिक शिक्षक सुदर्शन राय, राधा राय प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शास प्राथमिक शाला रामपुर विकास खण्ड. बीना सुनील कुमार गुरहा को निलंबित किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी, बीना के पत्र के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि शास. प्रा. शाला रामपुर वि.ख. बीना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सुदर्शन राय एवं राधा राय अनुपस्थित पाये गये। सुनील कुमार गुरहा प्रभारी प्रधानाध्यापक का संस्था पर कोई नियंत्रण होना नहीं पाया गया एवं शासकीय योजनाओं का संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को लाभ नहीं दिया जाना पाया गया। संस्था का पूर्व में बीआरसीसी एवं उनकी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें संस्था बंद पाई गई। ग्रामीणों एवं अभिभावकों द्वारा बतलाया कि संस्था कभी भी समय पर नहीं खुलती है एवं समय से पूर्व बंद हो जाती है। शिक्षक संस्था के छात्रों को अध्यापन कार्य नहीं कराते है।

## हक की लड़ाई लड़ने हजारों रेल कर्मी पहुंचे दिल्ली

**इटारसी।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेंस का 31 वा वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 3, 4 और 5 सितंबर को संपन्न होगा। जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में जबलपुर जोन के हजारों रेलवे कर्मचारी ओल्ड पेंशन एवं आठवां वेतन आयोग को लागू करने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। वही इटारसी से मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य संजय कैचे, कुंदन अगलावे, महाकाल कश्यप, राजेश गौर, नितिन सोनकर, आकाश यादव, सभी शाखों के अध्यक्ष व सचिव युवा रेलवे कर्मचारी मंगलवार को भोपाल, गुना, बीना, इटारसी के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए।संघ के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने बताया कि रेल कर्मचारी अपने हक के लिए ओल्ड पेंशन एवं आठवां वेतन आयोग की मांग को लेकर सड़कों पर धरना प्रदर्शन करेंगे, जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के हवन पर इस बार सरकार से आर पार की लड़ाई होगी.

---

## बरसते पानी में नपाध्यक्ष नीतू पहुंचीं बाजार, लिया जायजा



**नाले नालियों से अतिक्रमण हटाने व सफाई में गति देने के निर्देश**

**नर्मदापुरम।** बरसते पानी में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाकर उनकी साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए स्वच्छता और अधिक तीव्र गति से चलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री रीना गुप्ता, स्वच्छता प्रभारी अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सहित नगरपालिका अमला उपस्थित रहा। अतिक्रमण दल प्रभारी राजपूत ने बताया निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष यादव ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण सख्ती से हटाए जाएं और स्वच्छता अभियान तेजगति से चलाया जाए। जिससे कि बाजार क्षेत्र की समस्या का समाधान हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका द्वारा नगर में स्वच्छता अभियान के साथ ही बच्चों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा भी बच्चों में स्वच्छता के प्रति अलख जगाने के लिए नगर के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर उन्हें स्वच्छता संबंधी जानकारी दी जा रही है। स्वच्छता जुडे सतीश यादव ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर स्कूल सेंट चार्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में सभी बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जिसके अंतर्गत स्वच्छता हेतु सभी को जागरूक किया गया तथा अपने शहर को स्वच्छ बनाने एवं कचरा कचरा गाड़ी में अलग-अलग डालने की शपथ दिलाई गई और सभी को गंदगी न करने ओर न करने देने की शपथ दिलाई गई।

## छात्रों ने लिया स्कूल को स्वच्छ बनाने संकल्प



**सिवनीमालवा।** शासकीय सांदीपनि उमा विद्यालय एवं जीवा ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विद्यालय को साफ स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए संकल्प दिलाया गया। संतोष शर्मा विकास खण्ड अकादमिक समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र के द्वारा संकल्प पत्र का वाचन किया गया। शासकीय एकीकृत मा. विद्यालय रावन पीपल में नगर अध्यक्ष मप्र शिक्षक संघ सुव्रत शर्मा ने संकल्प पत्र का वाचन किया। विकास खंड के 346 विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने संकल्प लिया। समस्त शासकीय अशासकीय शालाओं में कार्यक्रम मनाया गया। इसमें नोडल अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र कुमार पाटिल अशासकीय शाला से जीवा ज्योति उमावि सिवनी मालवा संचालक प्रवीण पणिकर, रोहित रघुवंशी तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर रघुवंशी नगर अध्यक्ष सुब्रत शर्मा अनिल मसीह यशवंत ठाकुर प्रकाश चंद्र साहू ओम प्रकाश धनगर उपस्थित थे।

---

## 972 करोड़ 16 लाख से बनेगा नर्मदापुरम से टिमरनी मार्ग, शासन ने दी स्वीकृति

**सिवनी मालवा।** प्रदेश सरकार ने नर्मदा पुरम से टिमरनी तक राज्य मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री द्वारा इसकी घोषणा लाड़ली बहना सम्मेलन में मंडी बानापुरा में की गई थी। यह प्रस्ताव बहुत दिनों से लंबित था, इसके लिए निरंतर सभी जनप्रतिनिधि द्वारा प्रयास किया जा रहे था जो अब सफल हुआ। इस सड़क के बनने से सिवनी मालवा, इंदौर, बैतूल नेशनल हाईवे व अब्दुल्लागंज-नागपुर नेशनल हाईवे से सीधा जुड़ जाएगा। मरीज को अस्पताल नागपुर एवं विद्यार्थियों को इंदौर, भोपाल पढ़ने में सीधी सुविधा के साथ समय की भी बचत होगी। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश कुमार जैन ने बताया कि मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग कुल लंबाई 72.18 किलोमीटर के दो लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिये हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल योजनांतर्गत भू-अर्जन सहित राशि 972 करोड़ 16 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के अंतर्गत 2 अंडर पास, 4 बड़े पुल, 37 मध्यम पुल, 14 वृहद जंक्शन एवं 52 मध्यम निर्माण कार्य किये जायेंगे।




**सिरोंज।** नगर के सभी मंदिरों के डोल जल बिहार के लिए पंचकुइया त्रिपुर सुंदरी घाट पर नगर पालिका परिषद् द्वारा घाट पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है।

## रथ पर सवार होकर निकलेंगे मदनमोहन-रामलला सरकार

### डोल ग्यारस: नगर भ्रमण के बाद केथन नदी के घाट पहुंचेंगे



**सिरोंज।** इस बार डोल ग्यारस पर शहर के दोनों सरकार चांदी के रथ पर विराजित होकर जल विहार करेंगे। इसके लिए दोनों ही प्राचीन मंदिरों की प्रबंधन समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। शहर के मध्य में स्थित प्रतिष्ठित मदन मोहन सरकार के लिए इसी वर्ष 111 किलो चांदी से रजत हिंडोले का निर्माण करवाया गया है। इस रजत हिंडोले की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आषाढ़ मास में हुई थी। अब डोल ग्यारस पर चांदी के इसी रथ पर विराजित होकर मदनमोहन सरकार बुधवार को जल विहार करने के लिए निकलेंगे। उदयपुर और नागद्वारा से आए कारीगरों ने एक साल मेहनत करने के बाद इस रथ को सुंदर नक्काशी कर तैयार किया है। रथ के शिखर से लेकर पहिएं तक चांदी से सुसज्जित हैं। इसके साथ ही रथ के चारों तरफ विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का चित्रण भी किया गया है। जो रथ की सुंदरता में और अधिक इजाफा कर रहे हैं।

**रामलला के रथ पर विराजित हुए हनुमान:** प्राचीन रामलला सरकार सेवा समिति द्वारा भी एक साल पहले 75 किलो चांदी से रथ तैयार करवाया था। पिछले साल डोल ग्यारस पर रामलला सरकार ने इसी रथ पर विराजित होकर जल विहार किया था। इस साल आषाढ़ के महीने में भगवान जगदीश स्वामी भी इस रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले थे। इस साल जब रथ भगवान को जलविहार करने निकलेगा।

## पचास साल में पहली बार बन रही सड़क, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**इटारसी।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 21 में बन रही सीमेंट सडक का निरीक्षण पार्षद कन्हैयालाल मिहानी के साथ किया। यहां के नदी मोहल्ला में पचास साल में पहली बार सडक बन रही है। जिस स्थान पर सडक बन रही है वहां अब तक कच्ची रोड थी। इसके अलावा यहां एक नाली का निर्माण भी नगरपालिका कर रही है। नपाध्यक्ष चौरे ने बताया कि यहां के नागरिक बहुत समय से सडक की मांग कर रहे थे, अब उन्हें यह सागौत नगरपालिका दे रही है। उल्लेखनीय है कि नदी मोहल्ला बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में आता है। इसके अलावा नपाध्यक्ष चौरे ने वार्ड 19 का भी निरीक्षण किया। यहां सडक, नाली का निर्माण हो रहा है। इस दौरान पार्षद राहुल प्रधान, भाजपा मंडल महामंत्री सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, कमलेश तिवारी मौजूद थे।

---

**मेट्रो एंकर** एमपीसीए सागर डिवीजन के अध्यक्ष व नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने बढ़ाया हौसला

# अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ का सागर में स्वागत

**सागर, दोहपर मेट्रो**

अपनी गेंदबाजी से इंग्लैंड को धूल चटाकर अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाने वाली बुंदेलखण्ड की बेटी क्रांति गौड़ सागर पहुंची तो उनके स्वागत की झड़ी लग गई। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सागर डिविजन से खेलने वाली क्रांति का एमपीसीए सागर डिविजन के अध्यक्ष व नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने अपने निवास पर स्वागत किया। वहीं कलेक्टर संदीप जीआर ने कलेक्ट्रेट तो भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया.

**मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया:** अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौंड के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर भारत को विजय दिलाने के उपरांत उनके प्रथम सागर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने मोतीनगर चौराहे पर उनका शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर तिवारी ने कहा कि क्रांति गौड़ ने बुंदेलखंड अंचल के साथ ही मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन, मनीष चौबे,अंकित तिवारी सापट, नीरज यादव, नितिन सोनी, रीतेश ठाकुर सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### क्रांति केवल खिलाड़ी नहीं बल्कि प्रेरणा स्त्रोत: कलेक्टर

अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर भारत को विजय दिलाने वाली क्रांति गौंड के सागर आगमन पर कलेक्टर संदीप जीआर ने उन्हें कलेक्टर कार्यालय में सम्मानित किया। कलेक्टर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर क्रांति को बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उनसे भविष्य की खेल योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्रांति केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। क्रांति गौंड ने इंग्लैंड के विरुद्ध एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 6 विकेट लेकर भारत की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई थी। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल देश को गर्व महसूस कराया, बल्कि बुंदेलखंड और सागर का भी नाम रोशन किया।

### जुनून ने क्रांति गौड़ को असाधारण भारतीय महिला क्रिकेटर बनाया: लारिया

क्रांति अब बेटियों के लिए एक प्रेरणा बन गई है। अपनी तेज गेंदबाजी से इंग्लैंड की टीम को धूल चटा देने वाली क्रांति ने एक नया इतिहास रच दिया। यह तेज गेंदबाज अपनी स्विंग और गति के लिए जानी जाती है और इन्होंने भारतीय क्रिकेट में एक युवा सनसनी के रूप में पहचान बनाई है। क्रांति लगातार भारतीय महिला टीम में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इन्होंने न सिर्फ बुंदेलखंड बल्कि भारत का नाम रोशन किया है। क्रांति गौड़ सागर डिवीजन महिला टीम की कप्तान के रूप में सागर का प्रतिनिधित्व करती आई है और महिला टीम को कौशल से अनेकों मैचों में सागर को जीत दिल चुकी है। यह बात नरयावली विधायक एवं मप्र क्रिकेट एसोसिएशन सागर डिवीजन अध्यक्ष इंजी. प्रदीप लारिया ने विधायक निवास पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उत्कृष्ट खिलाड़ी क्रांति गौड़ के स्वागत एवं सम्मान अवसर पर कही। इस अवसर पर सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन संरक्षक पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, चेयरमैन प्रो.केएस पित्रे, सदस्य रमन दुबे, संजय दुबे, सत्यम त्रिपाठी, बलवंत ठाकुर, नर्रु ठाकुर, राजा रिछारिया आदि उपस्थित थे।

### कमिश्नर बोले-मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं चिकित्सक, पंजीयन में सागर एवं छतरपुर जिला काफी पीछे

# संभाग में स्वास्थ्य सेवाएं ठीक नहीं, सागर व छतरपुर सीएमएचओ को नोटिस

**सागर, दोहपर मेट्रो।**

संभाग में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। इसको लेकर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने नाराजगी जताते हुए सागर और छतरपुर सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर स्वस्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में कमिश्नर ने अनमोल पोर्टल और आरसीएच पोर्टल में मरीजों के पंजीयन की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि विगत वर्षों की अपेक्षा चालू वित्तीय वर्ष में मरीजों के पंजीयन की स्थिति ठीक नहीं है। इसमें सुधार लाए। मरीजों के पंजीयन में सागर एवं छतरपुर जिला काफी पीछे हैं। एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम में भी सागर, छतरपुर और पन्ना जिले की स्थिति ठीक नहीं हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनकी उदासीनता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करें तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रस्तावित करें। कमिश्नर सुचारी ने सागर संभाग के सभी चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्र समय पर खुलना चाहिए और स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलना चाहिए इसकी व्यवस्था सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कराएं। बैठक में कमिश्नर ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग को निर्देश दिए कि सागर संभाग में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चत कराएं तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

गर्भवती महिलाओं का रखा जाए विशेष ध्यान

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं से कोई भी गर्भवती महिला वंचित नहीं होना चाहिए। कमिश्नर ने सागर संभाग में एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम का क्रियान्वयन भी प्रभावी और परिणाम मूलक तरीके से करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाओं को दिए हैं। बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग द्वारा सागर संभाग में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

## भारी बरसात के बीच इंदौर में जल संकट

**इंदौर।** पानी की पूर्ति को लेकर एक तरफ नगर निगम द्वारा दावा किया जाता है वहीं दूसरी ओर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पानी की सप्लाई ही नहीं हो रही। जहां लोग पानी की किल्लत उठा रहे हैं। वहीं नगर निगम अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं।

पालदा रिंग रोड से लगा हुआ अभिनव नगर जो कि वार्ड क्रमांक 64 में आता है। अभिनव नगर में कई वर्षों पहले नर्मदा पानी की लाइन डाली गई थी। इसी के साथ ही घर-घर नल कनेक्शन भी दिए गए थे, जिसके बिल नियमित तौर पर यहां के रहवासी भरते आ रहे हैं। अभिनव नगर से थोड़ा अंदर जाते ही पानी की किल्लत को लेकर कई क्षेत्रवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिनव नगर के अंदर वाले क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से नर्मदा लाइन में पानी नहीं आ रहा। कई बार शिकायत की गई। कई बार नगर निगम कर्मियों द्वारा पॉइंट चेक करने के लिए खुदाई भी की गई लेकिन आज तक त्रुटि का पता नहीं चल पाया। क्षेत्र में पानी की कीमत बढ़ गई जिसके बाद सरकारी बोरिंग किया गया लेकिन यहां बोरिंग भी गर्मियों के चार महीने क्षेत्र वासियों को पानी नहीं दे पाता। ऐसे में लोगों को निजी पानी के टैंकर या फिर नगर निगम के पानी के टैंकर पर निर्भर रहना पड़ता है. लोग चाहते हैं कि उन्हें भी नर्मदा पानी मिले।

## 75 आवेदकों ने लगाई न्याय की गुहार 58 का मौके पर निराकरण

**गंजबासौदा।** तहसील स्थित पटवारी सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की शिकायतें सुनी और उन शिकायतों का निराकरण किया गया। आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 75 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिनमें से मौके पर 58 आवेदनों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के समक्ष आयोजित जनसुनवाई में सबसे ज्यादा बासौदा तहसील के राजस्व के जमीन संबधी 38 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें अतिक्रमण, जमीन की नपती, खसरा में नाम दर्ज, भूमि बटान, किसान सम्मान निधि, जमीन का सीमांकन सहित कई मामले राजस्व से संबंधित जनसुनवाई आए।

कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों को निर्देशित कर समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के लिए अधिकारियों से कहा है। जनसुनवाई के दौरान वार्ड नंबर 15 निवासी रमाबाई ने वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराए जाने के लिए आवेदन दिया। वहीं गांधी चौक निवासी सुबोध कुमार जैन ने अपने दस्तावेजों में त्रुटि सुधार खसरा नंबर दुरुस्तीकरण संबंधी आवेदन दिया। वीर सिंह यादव ने भी खसरा में नाम दर्ज करने बाबत संबंधी आवेदन दिया। आटासेमर के शिवकुमार श्रीवास्तव ने कृषि भूमि पर दर्ज बंधक हटाए जाने सहित अपनी समस्याएं हल करने की बात कही। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इन सभी आवेदकों के आवेदन प्राप्त करने उपरांत संबंधित विभागों को प्रस्तुत कराए हैं और समय सीमा में इन आवेदनों का निराकरण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोजित जनसुनवाई में विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं नागरिकों का कहना है कि यदि स्थानीय तहसील में जिलास्तरीय जनसुनवाई आयोजित होना थी तो अधिकारियों को इसकी पूर्व में सूचना देना चाहिए था। जिससे लोगों को जानकारी मिल जाती जिससे ओर अधिक शिकायतें मिलती। पूर्व सूचना न होने के अभाव में कम लोग ही जनसुनवाई में पहुंच पाए।

## नन्हीं बच्ची ने 2 मिनट 40 सेकंड में किया हनुमान चालीसा का पाठ

**रतलाम।** रतलाम में महज 3 वर्ष 3 माह की ज्ञानवी सोनी ने महज 2 मिनट 40 सैकेंड में हनुमान चालीसा का पाठ कर एक नहीं बल्कि दो दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। ज्ञानवी शहर के नाहर ग्लोबल स्कूल की नर्सरी में पढ़ती है और उसके पिता नरेन्द्र सोनी भी कलाकार हैं। सोमवार को कलेक्टर राजेश बाथम की मौजूदगी में ज्ञानवी ने ये वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। छोटी सी उम्र ज्ञानवी के द्वारा दो दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए जाने की चर्चा पूरे शहर नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में हो रही है।



महज 3 साल 3 माह और 5 दिन की बच्ची ज्ञानवी के पिता नरेन्द्र सोनी खुद भी एक कलाकार हैं। उन्होंने और उनकी माता ने बेटी ज्ञानवी को भी संस्कारों का ऐसा पाठ पढ़ाया कि उसने मिनटों में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए दो विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। पहला खिताब लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड तथा दूसरा खिताब वेब वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मिला है। रिकॉर्ड के जूरी मेंबर शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के कारण ज्ञानवी को खिताब देने आए थे। तब ज्ञानवी के पिता नरेन्द्र सोनी ने कलेक्टर राजेश बाथम और एसपी राजेश बाथम के हाथों खिताब देने की बात कही। जिसके बाद कलेक्टर व एसपी ने दोनों प्रमाण पत्र बच्ची ज्ञानवी को दिए।

### ताले खोलकर हुई थी एसबीआई में पांच करोड़ की लूट

# नया जिहाद, धर्म बदलकर लूट में शामिल हुआ था युवक, पुलिस ने किया खुलासा

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो**

पुलिस ने मंगलवार के दिन जिले में हुई 5 करोड़ की बैंक लूट का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों के गिरफ्तार किया है। इस खुलासे के बाद नए जिहाद के बारे में पता चला है। इसमें से एक हिंदू युवक शामिल है। उसने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है। इसके बाद चार अन्य मुस्लिम युवकों के साथ बैंक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी के खुलासे के साथ पुलिस अब पता लगा रही है कि कहीं इस हिंदू युवक का ब्रेनवाश तो नहीं किया गया। इसके बाद धर्म परिवर्तन कर सोची समझी रणनीति के तहत वारदात को अंजाम तो नहीं दिलाया गया।

दरअसल, उज्जैन पुलिस को बैंक चोरी की सनसनीखेज वारदात में बड़ी सफलता हाथ लगी। इसका खुलासा एसपी प्रदीप शर्मा ने मंगलवार की देर रात को किया। एसपी ने बताया कि सुबह करीब 10.00 बजे पुलिस को बैंक चोरी की जानकारी लगी। बताया गया कि महानंदा नगर स्थित एसबीआई की ब्रांच में चोरी की एक बड़ी वारदात हुई। सूचना मिलते ही खुद एसपी प्रदीप शर्मा ने मोर्चा संभाला।

**ताले तोड़कर नहीं खोलकर हुई चोरी:** पुलिस को जानकारी दी गई कि रोज की तरह सुबह सफाईकर्मी और मैनेजर बैंक में पहुंचे। तब उन्हें चोरी की वारदात का पता चला। वहीं, बैंक चोरी की सूचना पर एसपी, साइबर टीम, क्राइम ब्रांच और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस को खास बात पता चली। चोरी के दौरान बैंक के अंदर का कोई भी ताला टूटा हुआ नहीं था। वहां के सभी ताले चाबियों से खोले गए थे। इससे पुलिस को शंका हुई कि जरूर बैंक के अंदर का कोई व्यक्ति इस वारदात में शामिल है। एफएसएल टीम ने फिंगरप्रिंट की जांच, साइबर टीम द्वारा वारदात के समय सक्रिय मोबाइल लोकेशन की जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। बैंक कर्मियों से पूछताछ की गई। जब पुलिस ने बैंक में ही काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी के आउटसोर्स कर्मचारी जय भावसार से पूछताछ की तो कई अहम खुलासे हुए। वारदात के कई सुराग हाथ लगे।



**बैंककर्मी ही निकला मास्टरमाइंड:** जय भवसान ने अपना धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनकर जीशान नाम रख लिया। साथ ही चार अन्य साथी साहिल, अब्दुल्ला, अरबाज और कोहिनूर के साथ मिलकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। पांचों आरोपी रात करीब 2ः30 बजे बैंक में घुसे। 35 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम देकर 4 किलो 700 ग्राम सोना और 8 लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गए। मास्टरमाइंड बैंक का आउटसोर्स कर्मचारी था। इसलिए उसके पास बैंक की चाबियां थीं।

**पहले से की थी रेकी:** पुलिस की गई शुरूआती जांच में यह भी पता चला है कि 15 दिन पहले 16 अगस्त को बैंक के ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी थी। तब कर्मचारी जय भावसार अपने इन्हीं आरोपी दोस्तों को बैंक में सुधार कार्य करने लाया था।

### बैंककर्मचारियों पर गिरी गाज

चोरी की इस वारदात में बैंक के बड़े अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आई है। बैंक में जय भावसार आउटसोर्स के रूप में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। उसके पास बैंक की चाबियां होना बड़ा सवाल खड़ा करता है। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक के आला अधिकारियों ने एसबीआई महानंदा नगर शाखा प्रबंधक पायल महेश्वरी, सेवा प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार माधव, और कैश अधिकारी अभिनव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### नेपाल भागने की थी तैयारी

12 घंटे के भीतर चोरी की इस बड़ी वारदात का खुलासा करने वाली टीम को एडीजी ने 30 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है। यह भी बताया जा रहा है कि आरोपियों ने नेपाल जाने की पूरी प्लानिंग कर ली थी। यदि समय रहते पुलिस ने इन्हें नहीं पकड़ती तो यह देश छोड़कर नेपाल चले जाते। इसके साथ ही पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि चोरी, डकैती जैसी वारदात को अंजाम देने के लिए कहीं जिहादियों द्वारा यह नया सॉफ्ट तरीका तो नहीं खोजा गया है।

## जबलपुर में बैंक लूट का खुलासा, बिहार का है मास्टरमाइंड

**जबलपुर।** खितौला थानान्तर्गत हुई बैंक डकैती के मास्टरमाइंड को पुलिस ने साथी के साथ बिहार से गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड बैंक डकैती के आरोप में दो माह पूर्व ही रायगढ़ जेल से छूटा था। उसने देश के विभिन्न जिलों में एक दर्जन से अधिक बैंक डकैती की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने मास्टरमाइंड के पास से तीन किलो सोना बरामद किया है। बैंक डकैती में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**गया का रहने वाला है आकाश दास:** जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक डकैती के मास्टरमाइंड राजेश दास उर्फ आकाश दास को गया, बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन किलो सोना बरामद किया। बाकी का सोना अन्य सदस्यों को बांटना बताया है।

**यह जगहों पर की है बैंक डकैती:** वह बैंक डकैती का शातिर मास्टरमाइंड है। उसने साल 2011 से 2025 तक सासाराम, जमुई, पुरुलिया और रायगढ़ सहित अन्य स्थानों पर एक दर्जन से अधिक बैंक डकैती को वारदात को अंजाम दिया है। वह विगत 18 जून को जमानत पर रायगढ़ जेल से रिहा हुआ था। इसके दो माह बाद ही अपने साथियों के साथ खितौला बैंक डकैती को अंजाम दिया।

**बिहार पुलिस की मदद से गिरफ्तार:** जबलपुर एसपी ने बताया कि गैंग के सहयोगी इंद्रजीत दास उर्फ सागर दास को बिहार पुलिस की मदद से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की थी। उसी से पूछताछ में यह जानकारी मिली कि उसके रुकने के लिए डोभी में व्यवस्था की गई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दबिश देकर मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# उत्सव के दौरान भी बेफौफ जुआ-सट्टा कारोबार

### प्रशासन खामोश, लोग परेशान

**बुरहानपुर, दोपहर मेट्रो**

जेनाबाद स्थित ढाबा एवं आहुखाने के समीप चल रहा जुए का अड्डा इन दिनों पूरे क्षेत्र में दहशत का कारण बना हुआ है। बताया जाता है कि इस जुए के अड्डे को कुख्यात गुंडा माफिया द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसे न तो कानून का डर है और न ही समाज की परवाह। हैरानी की बात यह है कि गणेश उत्सव के पावन दिनों में, जब ज्यादातर लोग पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्त है, तब भी यह माफिया खुलेआम जुआ और अवैध गतिविधियां संचालित कर रहा है।

### नागरिकों में खौफ और आक्रोश

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस अड्डे पर रोजाना शराबखोरी के आठ ही और जुआरी तत्वों का जमावड़ा लगता है। आए दिन यहां लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं, जिससे आस-पास रहने वाले लोग दहशत में जी रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे भयभीत हैं, महिलाएं घर से बाहर निकलने में घबराती हैं। नागरिकों का कहना है कि इस अड्डे के कारण क्षेत्र का वातावरण असुरक्षित हो गया है। आमजन का आरोप है कि यह माफिया कुछ नेताओं के संरक्षण में पल रहा है। यही कारण है कि कई बार शिकायतों के बावजूद भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। नागरिकों का कहना है कि पुलिस से अधिक इस माफिया को नेताओं का सहारा है, इसी वजह से यह खुलेआम कानून और प्रशासन को चुनौती दे रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर ऐसे माफियाओं को कब पुलिस की गिरफ्त में लाया जाएगा?



### एसपी कार्यालय में होगी शिकायत

क्षेत्रीय नागरिकों ने तय किया है कि बहुत जल्द इस जुए के अड्डे की शिकायत बुरहानपुर एसपी कार्यालय में सामूहिक रूप से की जाएगी। नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो यह माफिया और भी बेखौफ हो जाएगा और क्षेत्र में हिंसक घटनाएं बढ़ सकती हैं। गणेश उत्सव के दिनों में जब समाज भक्ति और सद्भावना में लीन है, तब इस तरह का जुए का अड्डा न केवल धार्मिक आस्थाओं का अपमान है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। आखिर कब तक बुरहानपुर के निर्दोष नागरिक इस माफिया के आतंक में जीने को मजबूर रहेंगे ?

## सोयाबीन से भरी ट्राली का वजन बढ़ाने दो लोगों को सुलाया

**सिरोंज।** धानौदा गांव के किसान की चालाकी को तौल के दौरान व्यापारी ने पकड़ लिया। किसान आदेश साहू ने अपना सोयाबीन बेचने के लिए कृषि उपज मंडी में आया था। नीलामी में उसकी उपज मेसर्स गगन ट्रेडर्स ने खरीदी और तौल के लिए टेक्टर ट्रॉली उनके धर्म कांटे पर पहुंची। बारिश के कारण सोयाबीन की ट्राली को किसान ने तिरपाल से ढंका था। वह ट्रेक्टर-ट्राली को लेकर सीधे तोल कांटे पर पहुंचा और तोल भी हो गई। ट्रेक्टर-ट्राली सहित वजन 4550 किलो निकला। इसी दौरान फर्म के मुनीम ने ट्राली में ढंकी तिरपाल को हटाया तो हैरान रह गए। तिरपाल के नीचे दो युवक अचानक उठे और कूद गए।

**मेट्रो एंकर**

### छात्रों ने लगाया था शिक्षक शाहरुख पर आरोप, स्कूल में करवाई गई उठक-बैठक

# तिलक और रुद्राक्ष पर रोक लगाई तो अतिथि शिक्षक की छुट्टी

**खरगोन, दोपहर मेट्रो**

जिले के बिस्टान स्थित शासकीय सांदीपनि विद्यालय के एक अतिथि शिक्षक की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। उस पर विद्यार्थियों को टीका लगाने और रुद्राक्ष व कलेवा पहनने से रोकने का आरोप है। शिक्षक से हिंदू संगठनों ने उठक बैठक भी लगवाई।

विद्यालय के प्राचार्य बलराम भंवर ने बताया कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास खरगोन इकबाल आदिल ने स्कूल प्रबंधन के प्रतिवेदन पर मुहर लगा दी है। उन्होंने अंग्रेजी विषय के अतिथि शिक्षक शाहरुख की सेवाएं समाप्त करने के आदेश दिए हैं। सहायक आयुक्त ने कहा कि इस तरह का व्यवहार स्वीकार नहीं हो सकता। इसके पूर्व विद्यालय की समिति ने शाहरुख को हटाए जाने के लिए ठहराव प्रस्ताव कर प्रतिवेदन सहायक आयुक्त को प्रेषित किया था।



शाहरुख खान को स्कूल में करवाई गई उठक-बैठक।

### विद्यार्थियों ने की थी शिकायत

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने आरोप लगाया था कि शाहरुख उन्हें राखी पहन कर आने, टीका लगाने रुद्राक्ष पहनने और कलेवा पहनने से रोकते हैं। आरोपों को लेकर शिक्षक शाहरुख पठान ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर माफीनामा भी सौंपा था।

### अभिभावकों ने किया था हंगामा

सोमवार को पैरेंट्स और हिंदू संगठन के लोग विद्यालय में एकत्र हो गए थे। और उन्होंने अतिथि शिक्षक शाहरुख के कृत्य को गलत बताते हुए उन्हें हटाए जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर है मदरसा नहीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि शाहरुख पठान पूर्व में भी इस तरह की हरकत करते आये हैं। इसके बाद शाहरुख पठान ने कान पकड़ कर माफी मांगते हुए सभी के सामने उठक बैठक भी लगाई थी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-TOILET-UPG-25-32**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** अप-ग्रेडेसन ऑफ टॉयलेट इन एलएचबी एसी एंड एलएचबी नॉन-एसी कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागत:** ₹ 44,21,58,610.40/- **निविदा फ़ॉर्म का मूल्य:** ₹ 0.00/- **धरोहर राशि:** ₹ 23,60,800/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय:** 08.09.2025/ 22.09.2025 को 16:00 बजे तक **निविदा खुलने की समय एवं दिनांक:** 22.09.2025, 16.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका, भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)

मुख्य कारख़ाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### टी20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका

# मिचेल स्टार्क ने लिया छोटे फॉर्मेट से संन्यास, अब टेस्ट-वनडे पर करेंगे फोकस

**नई दिल्ली , एजेंसी**

**अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को तगड़ा झटका लगा है। अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। स्टार्क ने कहा कि वो अब टेस्ट क्रिकेट पर पूरा ध्यान देंगे, साथ ही खुद को 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए फिट रखना चाहते हैं।**

मिचेल स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 5 टी20 वर्ल्ड कप खेले। केवल 2016 के टी20 वर्ल्ड कप को उन्होंने चोट की वजह से मिस किया। साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जिताने में उनका बड़ा योगदान रहा।

35 साल के स्टार्क ने सितंबर 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। जबकि स्टार्क ने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ ग्रॉस आइलेट में खेला।

मिचेल स्टार्क ने कुल 65 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 23।81 की औसत से 79 विकेट लिए, उनका इकॉनमी रेट 7.74 और एक बार उन्होंने पारी में चार विकेट झटके। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है। पहले नंबर पर एडम जाम्पा हैं, जिन्होंने 103 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 103 विकेट झटके हैं।



*न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में उसकी धरती पर होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित हो चुकी है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज नाथन एलिस निजी कारणों से बाहर हुए है। मैथ्यू शॉर्ट चोट से उबरकर लौटे हैं और मिच ओवेन भी फिट होकर आए हैं। मार्कस स्टोइनिस भी टीम में वापसी हुई है।*

**मिचेल स्टार्क ने क्या कहा?**

मिचेल स्टार्क ने कहा, टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। मैंने टी20 इंटरनेशनल में हर मैच का लुत्फ उठाया। खासकर 2021 टी20 वर्ल्ड कप का, क्योंकि उसमें खिताबी जीत और टीम के साथ शानदार अनुभव रहा। आगे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए मुझे लगता है कि यह सही समय है। इससे मैं फिट और तरोताजा रहूंगा और टीम को भी नए गेंदबाजों को तैयार करने का समय मिलेगा।

## पाकिस्तान के पावर-हिटर आसिफ अली ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है।



आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी।

## न्यूजीलैंड दौरे के लिए कंगारू टीम का ऐलान, मार्कस की वापसी

**नई दिल्ली ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मार्कस स्टोइनिस को तीन मुकाबलों की इस सीरीज में मौका दिया गया है। मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल ओवेन और जेवियर बार्टलेट के साथ स्टोइनिस की वापसी से अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने का उनका दावा मजबूत हो गया है।

36 वर्षीय मार्कस स्टोइनिस ने आखिरी बार नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला था। उन्होंने पिछले एक साल से कोई सेंट्रल या स्टेट कॉन्ट्रैक्ट नहीं किया है। मार्कस स्टोइनिस इस साल फरवरी में वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके थे, लेकिन वैश्विक टी20 सर्किट पर सक्रिय रहे। इस बीच उन्होंने आईपीएल में पंजाब किंग्स और द हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। यह दोनों ही टीमें फाइनल तक पहुंचीं।

ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस सीरीज में मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस की कमी खलेगी। स्टार्क टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं। मैथ्यू शॉर्ट साइड स्ट्रेन की चोट से उबर चुके हैं। यह चोट उन्हें जुलाई में वेस्टइंडीज सीरीज से पहले जमैका में ट्रेनिंग के दौरान लगी थी। नाथन एलिस पितृत्व अवकाश के चलते इस दौरे से बाहर रहेंगे। एलेक्स कैरी और आरोन हार्डी साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर खेले थे, लेकिन न्यूजीलैंड के विरुद्ध इस टी20 सीरीज में अपनी जगह नहीं बना सके।



### यूएस ओपनः अमांडा अनिसिमोवा का ऐतिहासिक प्रदर्शन

# माइया को करारी शिकस्त दे क्वार्टर फाइनल में रखा कदम, ओसाका ने भी किया उलटफेर

**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन में अमांडा अनिसिमोवा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। उन्होंने बीट्रिज हद्दाद माइया को सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से करारी शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनिसिमोवा ने पहले ही गेम में हद्दाद माइया की सर्विस तोड़ी और उसके बाद उनका खेल और तेज हो गया। उन्होंने हद्दाद माइया को कोई मौका नहीं दिया। बेहतरीन सर्विस करते हुए कोर्ट पर गहरी और सटीक टू-हैंडेड बैकहैंड शॉट्स लगाए। दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था। अनिसिमोवा को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ यूएस ओपन प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हद्दाद माइया की सर्विस फिर से शुरुआती गेम में टूटी, लेकिन लगातार सात गेम गंवाने के बाद उन्होंने एक ब्रेक हासिल किया। हालांकि, अनिसिमोवा ने तुरंत वापसी की, चैथे गेम में ब्रेक प्वाइंट से बचते हुए गेम को संभाला और हद्दाद माइया के धैर्य के बावजूद, आखिरी गेम में फिर ब्रेक लेकर जीत सुनिश्चित की।

### अनिसिमोवा का सामना इगा स्वियातेक से

साल 2019 में रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंची चुकीं अनिसिमोवा ने हद्दाद माइया पर जीत के साथ अपना ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 42-22 कर लिया। इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 35-14 तक सुधार लिया। अब क्वार्टर फाइनल में अनिसिमोवा का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से होगा। यह दोनों के बीच दूसरा मुकाबला होगा। अनिसिमोवा विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी से मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेंगी। इससे पहले, नाओमी ओसाका ने कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से मात देकर 2021 के बाद से अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आंकड़े बताते हैं कि ओसाका ने जब भी किसी बड़ी चैंपियनशिप में इस मुकाम तक का सफर तय किया।

### बीसीसीआई ने लीड स्पान्सर के लिए जारी किया टेंडर

# अल्कोहल, तंबाकू और सट्टेबाजी जैसी कंपनियां नहीं लगा सकेंगी बोली

**नई दिल्ली , एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के राइट्स के लिए टेंडर बुलाए हैं। ड्रीम-11 ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया था। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने 25 अगस्त को इसकी जानकारी दी थी। बीसीसीआई ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरेंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। टेंडर खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर इउउक ने मंगलवार को लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट रिलीज किया है। इसे खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। वहीं टेंडर भरने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है।

यह बदलाव तब आया जब ड्रीम 11, जो पहले भारतीय टीम की प्रमुख स्पॉन्सर थी उन्होंने हाल ही में अपने ऑनलाइन मनी गेम्स को बंद कर दिया। ड्रीम 11 और बीसीसीआई के बीच भारतीय क्रिकेट टीम और आईपीएल के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार था, जो अब खत्म हो गया है। नए नियमों के अनुसार बोली लगाने वाली कोई भी कंपनी या उसके समूह की कंपनियां भारत या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा तम्बाकू, शराब और सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाने वाले उत्पादों को भी स्पॉन्सरशिप के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। बीसीसीआई इस बार कोई भी गलत फैसला नहीं लेना चाह रहा है।





### मौजूदा ब्रांड श्रेणियों को भी किया जाएगा ब्लॉक

बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मौजूदा ब्रांड श्रेणियों को भी ब्लॉक किया जाएगा, क्योंकि बोर्ड के पास उन श्रेणियों में पहले से ही स्पॉन्सर हैं। इन श्रेणियों में एथलेजर और स्पोर्ट्स अपैरल, बैंक, नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां, नॉन-अल्कोहलिक कोल्ड डिं :क, और बीमा शामिल हैं। फिलहाल, इन श्रेणियों से जुड़ी कंपनियां जैसे एडिडास, कैंपा कोला, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई लाइफ बीसीसीआई के साथ जुड़ी हुई हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## गांव वालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ, छोरियां चली गांवमें मेकओवर चैलेंज से जीता का दिल

कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह छोरियां चली गांव की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क। मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के ज़रिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया।इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने। उन्होंने बताया कि कैसे यह अनुभव उन्हें उनके शुरुआती दिनों की ओर ले गया, जब वह युवा लड़कियों को बास्केटबॉल सिखाती थीं। उन्होंने शेयर किया, मैं बच्चों को बास्केटबॉल सिखाया करती थी और आज का यह टास्क मुझे उन्हीं दिनों में ले गया, जब मुझे मेरी पहली तनख्वाह मिली थी। एक बार फिर यह एहसास हुआ कि मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है। यही दृढ़ संकल्प, दिल से काम करने का जज़्बा और जुड़ाव की भावना है। जो कृष्णा को गांववालों की पसंद बना रहा है।



**टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी जिंदगी से जुड़े विचार शेयर करती हैं। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह पारंपरिक और स्टाइलिश लुक में नजर आईं। उनके इस पोस्ट ने फैंस का ध्यान आकर्षित किया।**

## ठहरने की कला सीख रही हूं, दिव्यांका त्रिपाठी का इंस्टाग्राम पोस्ट बना चर्चा का विषय



इंस्टाग्राम पोस्ट में दिव्यांका एक हल्के नीले रंग के पारंपरिक सूट में दिख रही हैं, जो उनकी खूबसूरती को और निखार रहा है। तस्वीरों में उनकी मुस्कान बेहद प्यारी लग रही है। उन्होंने कानों में बड़े-बड़े झुमके पहने हुए हैं और माथे पर बिंदी है, जो उनकी सुंदरता में चार चांद लगा रही है। इसके अलावा, उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है।

इस खूबसूरत अंदाज के साथ उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ÷एक ऐसी दुनिया में जो कभी रुकती नहीं, मैं ठहरने की कला सीख रही हूंज और इसके बीच मुस्कुराना भी।÷ उनके कैप्शन ने फैंस के बीच चर्चा को बढ़ा दिया है। दरअसल, उनके कैप्शन का अर्थ है कि चाहे जिंदगी कितनी भी भागदौड़ वाली हो, वह खुद को शांत और खुश रखने की कोशिश कर रही हैं। फैंस उनके इस पोस्ट पर प्यार और समर्थन दे रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिव्यांका को अब से पहले सोनी लिव की सीरीज अदृश्यम¬द इनविजिबल हीरोज में देखा गया था, जिसमें वह अंडरकवर एजेंट पार्वती सहगल के किरदार में नजर आई थीं। यह सीरीज एजेंसी आईबी47 पर बनी है। उन्होंने रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज में हिस्सा लेकर अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने बनूं मैं तेरी दुल्हन में काम किया और घर-घर में लोकप्रियता हासिल की। दिव्यांका खाना खजाना, कयामत की रात, ये हैं मोहब्बतें, नचले वे विद सरोज खान, जोर का झटकाः टोटल वाइप आउट, कॉमेडी सर्कस, नच बलिए 8, और फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी जैसे शो का भी हिस्सा रही हैं।



**मेट्रो बाजार**

## सोने की कीमतों में आई कमी, चांदी फिर चमकी

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को मामूली बदलाव देखने को मिला है। 24 कैरेट के सोने की कीमत में कमी आई है और चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 69 रुपए कम होकर 1,04,424 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,04,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत घटकर 95,652 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 78,318 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है। सोने के उलट चांदी की कीमतों में बढ़त देखने को मिली है। चांदी का कीमत 33 रुपए बढ़कर 1,22,833 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,22,800 रुपए प्रति किलो थीएमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी में मिलाजुला कारोबार हुआ। सोने के 3 अक्टूबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.30 प्रतिशत बढ़कर 1,05,100 रुपए और चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.12 प्रतिशत कम होकर 1,24,509 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। कॉमैक्स पर सोना 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,555.82 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.00 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41.51 डॉलर प्रति औंस पर है।

## भारत 2047 से पहले बन सकता है दुनिया का सेमीकंडक्टर पावरहाउस : इंडस्ट्री लीडर्स

नई दिल्ली । भारत तेजी से घरेलू स्तर पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है और मंगलवार को सेमीकॉन इंडिया 2025 में इंडस्ट्री लीडर्स ने कहा कि देश 2047 से पहले दुनिया का सेमीकंडक्टर पावरहाउस बन सकता है। सेमीकॉन इंडिया के साइडलाइन में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए इंडस्ट्री लीडर्स ने कहा कि भारत की मजबूत प्रतिभा, सहायक नीतियां और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां इस परिवर्तन को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं। एसईएमआई (सेमीकंडक्टर इक्विपमेंट एंड मटेरियल्स इंटरनेशनल) के सीईओ और प्रेसिडेंट ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तेज वृद्धि के रास्ते पर है। उन्होंने आईएएनएस से कहा, अगर भारत की मौजूदा रफ्तार जारी रहती है, तो देश 2047 तक सेमीकंडक्टर का पावरहाउस बना सकता है। चिप निर्माण में वैश्विक परस्पर निर्भरता के महत्व पर जोर देते हुए, मनोचा ने कहा कि भारत को वैल्यू चेन में अपना सही स्थान खोजना होगा, जिसकी शुरुआत असेंबली और परीक्षण से होगी, जबकि आने वाले वर्षों में बड़े वेफर फैब आने की उम्मीद है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण भारत की सबसे छोटी चिप सबसे बड़ा बदलाव लाएगी का भी समर्थन किया और बताया कि सेमीकंडक्टर अब आधुनिक जीवन का आधार हैं। मीडियाटेक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकु जैन ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया 2025 देश के लिए एक मील का पत्थर है। इससे सेमीकंडक्टर क्षेत्र में देश को घरेलू स्तर पर क्षमताएं विकसित करने में मदद मिलेगी।



### जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा है विवाद

## सौतेली सास ने बेटे-बहू के साथ मिलकर महिला को पिलाया कीटनाशक, अस्पताल में भर्ती

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

नजीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा में सौतेली सास ने अपने बेटे व बहू के साथ मिलकर बड़ी बहू को घास मार दवा पिलाकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सप्ताह बाद अस्पताल से छुट्टी होने के बाद महिला रिपोर्ट दर्ज कराने अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर सौतेली सास और देवर-देवरानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम हरिपुरा नजीराबाद निवासी सुशीला बाई बंजारा (35) गृहणी हैं। पति जयराम बंजारा और परिवार खेती-किसानी करता है। सुशीला बाई अपनी सौतेली सास गोरा बाई बंजारा और सौतले देवर उधम सिंह व देवरानी मीना बाई के साथ रहती हैं। पति अक्सर काम के सिलसिले में गांव से बाहर रहता है। जमीन के बंटवारे को लेकर सुशीला बाई और उसके पति का गोरा बाई, उधम सिंह व मीना बाई से विवाद चल रहा है। विवाद के चलते ही पति की गैर-मौजूदगी में तीनों सुशीला बाई के साथ मारपीट करते थे। विगत 27 अगस्त की सुबह छह बजे भी हैंड पंप से पानी भरने को लेकर शुरू हुए विवाद के चलते मीना बाई, गोरा बाई व उधम सिंह ने सुशीला के साथ मारपीट की और जबरन उसे घासमार कीटनाशक पिला दिया।

### 13 साल की बेटी ने मां को बचाया

पुलिस ने बताया कि सुशीला बाई की 13 साल की बेटी ने अपनी मां का बीच-बचाव किया। उसने मीना बाई, गोरा बाई और उधम सिंह का विरोध करते हुए मां को बचाने का प्रयास किया। उसने शोर मचाकर पड़ोसियों को भी इकट्ठा किया। पड़ोसियों की मदद से ही सुशीला बाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद से मीना बाई, गोरा बाई और उधम सिंह फरार हैं।

### सास-ससुर आपसी झगड़े के बाद पत्नी और बच्चों को ले गए थे

# सुसाइड नोट में सास को मौत का जिम्मेदार बता युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें युवक ने अपनी सास और ससुराल पक्ष के लोगों को मौत को जिम्मेदार बताया है। रविवार रात पत्नी-पत्नी के बीच आपसी विवाद होने पर युवक के सास-ससुर घर पहुंचे और अपनी बेटी और दो बच्चों को साथ ले गए। आरोप है कि सास अपनी बेटी को तलाक के लिए उकसाती थी और देहज प्रताडऩा का झूठा प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बना रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक भौंरी, खजूरी सडक निवासी इमरान खान पुत्र अहमद खान (26) ने नेहा नामक युवक से लव-मैरिज की थी। उनके दो बच्चे हैं। वह डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था और उसका अपना गैरेज था। रविवार रात इमरान का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद नेहा के माता-पिता घर पहुंच गए और बेटी व दोनों बच्चों को अपने साथ ले गए। जाते हुए सास-ससुर ने कहा था कि अब तुम्हारी तलाक करा कर रहेंगे और दहेज प्रताडऩा का प्रकरण भी दर्ज कराएंगे। बताया जा रहा है कि सास-ससुर ने अपनी बेटी के ससुराल आकर काफी हंगामा किया था। उसके बाद रविवार-सोमवार की दरमियानी रात इमरान ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सोमवार को काफी देत तक उसने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोडकर देखने पर उसका शव फंदे पर लटका मिला।



### इंसाफ दिला देना, मुझे सुकून मिलेगा

घटनास्थल पर मिले सुसाइड नोट में इमरान ने लिखा है कि मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी सास सदीदा है। उसने कभी मेरा घर बसने नहीं दिया। वह नेहा को दूसरी शादी करने के लिए उकसाती थी। मेरी बीवी भी अपने वालों की बातों में आकर झगड़ा कर चली गई। मैं इन लोगों से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। जिम्मेदार मेरे ससुराल वाले हैं। मेरे मरने के बाद मुझे इंसाफ दिला देना तो मुझे सुकून मिलेगा। पुलिस ने बताया कि रात करीब ढाई बजे इमरान ने अपने गैराज में काम करने वाले अमन को मैसेज कर कहा था कि बेटा, दुकान पर ध्यान देना अब। उसके बाद कोई बात नहीं हुई।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित तलाई मोहल्ला बिशनखेड़ी में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसे फंदे पर लटका देखा गया जबकि देर रात उसका पति से विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक तलाई मोहल्ला बिशनखेड़ी निवासी रीता विश्वकर्मा पत्नी कन्हैयालाल विश्वकर्मा (32) गृहणी थीं। पति पूर्व में अहमदाबाद में नौकरी करता था। कुछ समय पहले वह भोपाल में आकर टैक्सी के रूप में ऑटो चला रहा था। रविवार की रात किसी बात को लेकर रीता का पति से विवाद हो गया। विवाद शांत होने के बाद दोनों कमरे में जाकर सो गए। सोमवार सुबह परिजनों ने मकान की गैलरी में रीता को फांसी के फंदे पर लटका देखा। फौरन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन पूर्व में ही उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही कारण सामने आने की उम्मीद है।

## सरपंच के बेटे ने कार में किया महिला से बलात्कार

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

नजीराबाद पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर सरपंच के बेटे पर बलात्कार और परिवार की महिलाओं पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि मीटिंग के बहाने सरपंच का बेटा उसे कार से भोपाल चलने का कहकर ले गया था। इसके बाद भोजपुरा के जंगल में उसके साथ कार में दुष्कर्म किया। उसने शिकायत दर्ज कराने की बात कही तो घर की महिलाओं सहित सदस्यों ने उससे मारपीट की। पुलिस ने बलात्कार, मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार 31 साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती है और प्राइवेट काम करती है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि गांव के सरपंच के बेटे विनोद गौर से उसकी पहचान है। गत 30 अगस्त को विनोद ने उसे कहा कि भोपाल में मीटिंग है साथ चलो। वह उसकी बातों में आ गई और उसकी कार से मीटिंग में जाने के लिए निकल गई। विनोद उसे कार में लेकर भोजपुरा के जंगल में ले गया। वहां डरा धमकाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद गांव में छोड़ दिया। उसने घटना की शिकायत सरपंच और उसके परिवार से की तो सरपंच के परिजन ने उससे मारपीट कर दी।

## धू-धूकर जली कार, बाल-बाल बचे यात्री



**भोपाल, दोहपर मेट्रो।** होशंगाबाद रोड पर मंगलवार रात एक कार में अचानक आग लग गई। दो महिला समेत 3 लोगों ने तुरंत बाहर निकलकर जान बचाई। कुछ ही देर में कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आईएसबीटी स्थित फायर स्टेशन से दमकल भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार पूरी तरह से खाक हो गई थी। आग लगने के बाद मौके पर भीड़ लग गई। इस वजह से दोनों ओर जाम की स्थिति भी बन गई। हालांकि, पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाला और जाम खुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार मिसरोद से भोपाल की ओर आ रही थी। जैसे ही यह दानिश नगर चौराहे के पास पहुंची, उसमें से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। राहगीरों ने कार में बैठे लोगों को बताया। इसके बाद वे तुरंत कार से उतरे और अपनी जान बचाई। जब यह घटना हुई, तब कार में दो महिला भी बैठी थीं। वहीं, एक युवक कार को ड्राइव कर रहा था। आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। घटना के बाद कार सवार लोग सहमे हुए नजर आए।

### मिसरोद स्थित समरधा गांव के पास हुआ हादसा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मिसरोद स्थित समरधा गांव के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन और दोस्तों ने उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। इस मामले में टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। घटनास्थल और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अखंड प्रताप विश्वकर्मा (19) उद्योगपुरी कालोनी मंडीदीप में रहता है और प्रायवेट कालेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। पड़ोस में रहने वाला उसका दोस्त मंथन यादव पुत्र विशाल यादव (20) भी पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार रात करीब पौने नौ बजे मंथन यादव के मोबाइल से अखंड को किसी ने फोन लगाया और बताया कि जिस युवक का यह मोबाइल नंबर है, उसका समरधा गांव के पास एक्सीडेंट हो गया है। अखंड प्रताप ने इसकी जानकारी अपने दोस्तों और मंथन के पिता को दी और सभी को साथ लेकर मौके पहुंचे। देखा तो मंथन यादव गंभीर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके सिर से खून निकल रहा था। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी।

## इलाज नहीं कराने पर दर्ज कराया एक्सीडेंट का केस

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

खजूरी सड़क इलाके में एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। बस चालक ने तीनों का इलाज कराने का वादा किया था, लेकिन जब इलाज नहीं कराया तो पीड़ित ने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। जानकारी के अनुसार विश्राम अहिरवार (18) नजीराबाद का रहने वाला है और रातीबड़ में बारहवीं कक्षा में पढ़ता है। बीती 19 अगस्त को उसके पिता करनसिंह अहिरवार और बड़ा भाई मुकेश अहिरवार बाइक से उसे छोडऩे के लिए रातीबड़ जा रहे थे। फंदा चौराहा पहुंचने पर एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों को गंभीर चोट आई। उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया तो बस चालक ने उनका इलाज कराने का वादा किया। उसके बाद गंभीर घायल करन सिंह को लांबाखेड़ा स्थित दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बस चालक ने इलाज में कोई मदद नहीं की। इसके चलते विश्राम ने मंगलवार को थाने जाकर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### नेहरू नगर पुलिस लाइन में हुई बलवा मॉक ड्रिल

## मुआवजे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर जमकर बरसीं लाठियां, पुलिसकर्मियों को भी आई चोटें

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

अनंत चतुर्दशी, डोल ग्यारस और ईद-मीलादुन्नबी जैसे त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को देखते हुए नगरीय पुलिस भोपाल ने मंगलवार सुबह पुलिस लाइन नेहरू नगर में बलवा मॉक ड्रिल परेड का आयोजन किया। इसमें सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, थानों का बल, रक्षित केन्द्र के अधिकारी व कर्मचारियों समेत करीब 500 पुलिस जवानों ने भाग लिया। बलवा ड्रिल परेड के अवसर पर पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने जवानों को संबोधित करते हुए बलवा ड्रिल परेड का महत्व बताया और कानून व्यवस्था के दौरान विषम परिस्थितियों में क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए और पुलिस जवानों की क्या जिम्मेदारी होती है, इस बारे मे विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### पहले लाठीचार्ज फिर आदेश के बाद फायरिंग

बलवा मॉक ड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीमें बनाई गई। इसमें टियर गैस पार्टी, आंसू गैस पार्टी, लाठी पार्टी, रायफल पार्टी, मेडिकल पार्टी, वाटर केनन पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा-निर्देश दिए गए। मुआवजे और अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस अधिकारी ने बात की और समझाने की कोशिश की। किन्तु लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई व पुलिस पर पथराव करने लगी। यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी। लेकिन जब वे नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे। बाद में आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे, तब पुलिस ने पहले चेतावनी दी और फिर प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख लाठी चार्ज किया।

## सीएम ने की उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा



**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा की जाए। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा की जाए, इससे किसानों को जिले में उर्वरक उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन डबल लॉक , पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का आकस्मिक सत्यापन और उनकी मॉनिटरिंग अनिवार्यत: सुनिश्चित करें।

**मेट्रो एंकर**

### रिवेयरा टाउन की घटना, संदेह होने पर बिल्डर ने घर में लगाए थे गुप्त कैमरे, , पहले भी कर चुकी है चोरी

# फुटेज में खुद को चोरी करते देख नौकरानी ने पीया फिनाइल

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

रिवेयरा टॉउन में बिल्डर के घर से चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई नौकरानी ने पकड़े जाने के डर से फिनालय पी लिया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। बीते तीन माह से बिल्डर के घर से जेवर व नगदी रहस्यमय तरीके से चोरी हो रही थी। संदेह होने पर छह-सात दिन पहले उन्होंने अपने घर में गुप्त कैमरे लगवा लिए थे। दो दिन पहले पत्नी के जेवर चोरी होने पर फुटेज चेक किए गए तो नौकरानी वारदात को अंजाम देती नजर आई। पहले तो नौकरानी ने चोरी करने से साफ इनकार कर दिया लेकिन जब उसे फुटेज दिखाए तो सन्न रह गई। वह फौरन दौडकर बाथरूम गई और वहां रखा फिनाइल पी लिया। सूचना मिलते ही कमलानगर पुलिस मौके पर पहुंची और नौकरानी को अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल वह खतरे से बाहर बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक रिवेयरा टॉउन फेस-1 निवासी



सर्वेश प्रेमचंदानी (50) बिल्डर हैं। उन्होंने तीन माह पूर्व संगीता नाम की नौकरानी काम-काज के लिए घर में रखी थी। संगीता को जब से नौकरी पर रखा था तब से ही घर से जेवर व नगदी चोरी होने लगी। पूछने पर संगीता साफ इनकार कर देती थी। करीब एक सप्ताह पूर्व सर्वेश प्रेमचंदानी ने असलियत जानने के लिए घर में अलग-अलग गुप्त स्थानों पर कमरे लगवा लिए। सोमवार एक सितंबर को उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी के जेवरात फिर चोरी हो गए हैं। लिहाजा उन्होंने कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज में संगीता अलमारी खोलकर जेवर चोरी करती नजर आई। सर्वेश ने पुलिस को फुटेज दिखाकर शिकायत की। फुटेज में संगीता बिस्तर में कपड़ों के बीच रखी अलमारी की चाबी निकालकर चोरी कर रही है। वह तीन माह से लगातार चोरी कर रही थी। अब तक 30 हजार रुपए नगद और करीब 6 लाख रुपए के जेवरात चुरा चुकी है। सर्वेश ने नौकरानी का पुलिस वेरीफिकेशन नहीं कराया था।

### आदतन चोर है नौकरानी

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी संगीता 74 बंगला टीटी नगर में चोरी के आरोप में गिरफ्तार हो चुकी है। इसके बाद वह रिवेयरा टाउन में काम करन लगी। सर्वेश प्रेमचंदानी के अलावा अन्य लोगों के भी घरों में काम करती है। संगीता मौका मिलते ही चोरी कर लेती थी। फरियादी ने बताया कि संगीता परिवार के लोगों पर नजर रखती है। वह दूर से देखती रहती है कि अलमारी की चाबी परिवार के सदस्य किस जगह पर रखते हैं। इसके बाद मौका पाते ही जेवर-नगदी चोरी कर लेती है। चोरी करने के बाद वह चाबी उसी जगह पर रख देती थी ताकि किसी को संदेह न हो। पुलिस का कहना कि संगीता ने बिल्डर को डराने के लिए फिनायल पीने की नौटंकी की है। उसने सिर्फ अपने कपड़ों पर फिनायल डाला है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे घायल

**भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार योगेश बाली (28) लालघाटी कोहेफिजा में रहता है और हमीदिया अस्पताल में साफ-सफाई का काम करता है। मंगलवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे वह अपनी मां गीताबाई के साथ बाइक से काम पर हमीदिया अस्पताल जा रहा थे। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने पहुंचने पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटे बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022